Subscribe Amar Bhaskar News @amarbhashkarnews Amar bhashkar



हिन्दी दैनिक

# अमर भास्कर

ज़िद सच की

उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ एवं उत्तराखंड में प्रसारित




संगम पर गौतम अड़ानी ने की पूजा-अर्चना, रसोई......०1

Email- amarbhashkar21@gmail.com, www.amarbhashkar.in

पांच फरवरी को महाकुंभ आ सकते है पीएम मोदी........०1

वर्ष: ०2 अंक: 187 | बदायूं, बुधवार 22 जनवरी 2025 | पृष्ठ- ०8 | मूल्य- 4.०० रूपये

### तुर्किये होटल में भीषण अग्निकांड

## अब तक 66 लोगों की मौत, 51 से ज्यादा झुलसे

**तुर्किये।** गृह मंत्री ने बताया कि उत्तर-पश्चिमी तुर्की के एक लोकप्रिय स्की रिसॉर्ट में एक होटल में मंगलवार को आग लगने से कम से कम 66 लोगों की मौत हो गई। अली येरलिकाया ने आगे बताया कि इस आपदा में कम से कम 51 अन्य लोग घायल हुए हैं। गृह मंत्री येरलिकाया ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों से कहा, घटना से हम बहुत दुखी हैं।

वहीं स्वास्थ्य मंत्री केमल मेमिसोग्लू ने बताया कि घायलों में से कम से कम एक की हालत गंभीर है। अधिकारियों और रिपोर्टों के अनुसार, बोलू प्रांत के कार्तलकाया रिसॉर्ट में 12 मंजिला ग्रैंड कार्तल होटल के रेस्तरां में सुबह करीब 3:3० बजे आग लग गई। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। बता दें कि, घटना के दौरान होटल में कुल 234 लोग ठहरे थे।



गवर्नर अब्दुल अजीज आयडिन ने सरकारी एजेंसी को बताया कि दो पीड़ितों की मौत घबराहट के कारण इमारत से कूदने के बाद हो गई। एक स्थानीय टेलीविजन ने कहा कि कुछ लोगों ने चादरों और कंबलों का उपयोग करके अपने कमरों से नीचे उतरने की कोशिश की। घटना के दौरान होटल में रुके स्की प्रशिक्षक नेकमी केपसेटुटन ने कहा कि जब आग लगी तो वह सो रहे थे और वे इमारत से बाहर भागे। इसके बाद उन्होंने होटल से लगभग 2० लोगों को बाहर निकालने में मदद की। उन्होंने कहा कि होटल धुएं से घिरा हुआ था, जिससे लोगों के लिए आग से बचने का रास्ता ढूंढना मुश्किल हो गया था।

प्रत्यक्षदर्शियों और रिपोर्टों में बताया गया कि होटल में फायर सिस्टम काम नहीं कर रहा था। होटल की तीसरी मंजिल पर ठहरे शख्स ने अताकन येलकोवन ने एक समाचार एजेंसी को बताया, श्मेरी पत्नी को कुछ जलने की गंध आई, जिसके बाद हम उठकर भागे, लेकिन होटल में इस दौरान कोई अलार्म नहीं बजा।श् कार्तलकाया इस्तांबुल से लगभग 3०० किलोमीटर (186 मील) पूर्व में कोरोग्लू पहाड़ों में एक लोकप्रिय स्की रिसोर्ट है। स्कूल सेमेस्टर की छुट्टी के दौरान जब क्षेत्र के होटल खचाखच भरे हुए थे, तो आग लग गई। अन्य होटलों को एहतियात के तौर पर खाली करा लिया गया।

## शामली एनकाउंटर: एक लाख के इनामी अरशद समेत चार बदमाश ढेर

### गोली लगने से घायल हुए इंस्पेक्टर

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**शामली।** सोमवार देर रात झिंझाना के उदपुर गांव के जंगल में एसटीएफ और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई, जिसमें मुस्तफा गैंग का एक लाख का इनामी अरशद और उसके तीन साथी गोली लगने से ढेर हो गए। चारों की मौके पर ही मौत हो गई। बदमाशों की गोली लगने से इंस्पेक्टर सुनील कुमार घायल हो गए, जिनकी हालत को गम्भीर देखते हुए गुरुग्राम के लिए रेफर कर दिया गया।



सोमवार देर रात एसटीएफ मेरठ को सूचना मिली कि शामली के झिंझाना क्षेत्र में बदमाश लूट के इरादे से जा रहे हैं। सूचना पाते ही एसटीएफ मौके पर पहुंची। एसटीएफ के सूत्रों ने बताया कि उदपुर के ईंट भट्ठे के पास ब्रेजा कार सवारों को रोकने का प्रयास किया। आरोप है कि इसी बीच कार सवारों ने एसटीएफ टीम पर फायरिंग करनी शुरू कर दी। दोनों ओर से काफी देर तक फायरिंग होती रही। सहरानपुर के गंगोह के एक लाख के इनामी मुकीम और मुस्तफा उर्फ कग्गा गैंग का सदस्य अरशद गोली लगने से घायल हो गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इसके अलावा अरशद का साथी सोनीपत का मंजीत और हरियाणा के मधुबन का रहने वाला सतीश और एक अन्य को भी गोली लगी। इन तीनों की भी मौके पर मौत हो गई। सूचना पाते ही डीआईजी अजय साहनी, एसपी शामली रामसेवक गौतम मौके पर पहुंचे। बदमाशों के पास से पिस्टल, तमंचे भी बरामद किए गए हैं। वहीं बदमाशों की फायरिंग में इंस्पेक्टर सुनील कुमार को गोली लगी है। उन्हें गुरुग्राम के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसटीएफ के अनुसार, सोनीपत के मनजीत को किसी मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई हुई है। वह पैरोल पर जेल से बाहर आया हुआ था। बाहर आने के बाद वारदातों को अंजाम दे रहा था।

### एक नजर

#### दिल्ली में पक्के मकानों पर तेज हुई सियासत

**दिल्ली।** झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाला गरीब वर्ग केजरीवाल का सबसे मजबूत वोट बैंक माना जाता है। राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि मुफ्त बिजली-पानी के कारण यह वोट बैंक केजरीवाल को वोट करता है। लेकिन दिल्ली की सत्ता में पहुंचने को उत्सुक भाजपा ने इस वोट बैंक को अपने पाले में करने के लिए इन्हें पक्का मकान देने का बड़ा वादा कर दिया जो इन वर्गों के लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। माना यह भी जा रहा है कि भाजपा के वादे का बड़ा असर हो सकता है और इस वर्ग का एक वोट बैंक खिसककर भाजपा के पाले में जा सकता है। लेकिन अपने इस वोट बैंक को साधे रखने के लिए केजरीवाल ने भी बड़ा दांव खेल दिया है। अब उन्होंने भी गरीबों को पक्का मकान देने का दांव खेल दिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर सफाई कर्मियों के लिए मुफ्त आवास बनवाने के लिए जमीन की मांग कर डाली है। यह भाजपा के झुग्गी-झोपड़ी वालों को पक्का मकान देने के वादे के जवाब में चला गया दांव माना जा रहा है।

## संगम पर अदाणी ने की पूजा-अर्चना, रसोई में खुद तैयार किया प्रसाद, श्रद्धालुओं में बांटा

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**प्रयागराज।** अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी ने महाकुंभ मेले में भक्तों को भोजन परोसने के लिए इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) से हाथ मिलाया है। यह सहयोग महाप्रसाद सेवा पहल का हिस्सा है, जो 26 फरवरी तक पूरे मेले में चलेगा। गौतम अदाणी मंगलवार को महाकुंभ में पहुंचे। उन्होंने कहा, श्मैं महाकुंभ के लिए बहुत उत्साहित हूं। गौतम अदाणी ने इस्कॉन मंदिर में आरती की। इसके बाद परिवार के साथ रसोई में गए, जहां पर प्रसादम बनाया। यह प्रसादम भक्तों में बांटा गया। नौ जनवरी को, अदाणी समूह और



इस्कॉन ने महाकुंभ मेले में आने वाले बड़ी संख्या में भक्तों को मुफ्त भोजन प्रदान करने के लिए अपनी साझेदारी की घोषणा की थी। मेले के दौरान महाप्रसाद सेवा से 5० लाख श्रद्धालुओं को भोजन मिला। भोजन मेला क्षेत्र के अंदर और बाहर स्थित दो रसोई घरों में तैयार किया गया और पूरे मेले में 4० अलग-अलग स्थानों पर वितरित किया गया। बुजुर्गों, दिव्यांगों और बच्चों वाली माताओं की सहायता के लिए गोल्फकार्ट सहित विशेष व्यवस्था की गई। अदाणी ने सेवा के प्रति इस्कॉन के समर्पण की सराहना करते हुए कहा था, सही मायने में सेवा देशभक्ति का सर्वोच्च रूप है। सेवा ध्यान है, सेवा प्रार्थना है और सेवा भगवान है। साझेदारी पर विचार करते हुए उन्होंने समझाया, इस्कॉन के साथ हमारा अद्भुत अनुभव और लगाव है। कुंभ मेले में प्रसादम के बारे में सोचा तो तुरंच पहला विचार इस्कॉन का आया। यह संस्था इसे सबसे अच्छे तरीके से कर सकती है।

मानवता की सेवा के प्रति समर्पण के लिए जाने जाने वाले गुरु प्रसाद स्वामीजी ने अदाणी की विनम्रता और निस्वार्थ योगदान की प्रशंसा की। स्वामीजी ने कहा, अदाणी समूह हमेशा कॉर्पोरेट जिम्मेदारी और सामाजिक सेवा का एक शानदार उदाहरण रहा है, जो चीज गौतम अदाणी को उत्कृष्ट बनाती है, वह उनकी विनम्रता है।

## पांच फरवरी को महाकुंभ आ सकते हैं पीएम मोदी, राष्ट्रपति उपराष्ट्रपति भी आएंगे

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच फरवरी को महाकुंभ मेला 2०25 का दौरा कर सकते हैं। वहीं, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 27 जनवरी को मेले में शामिल होने वाले हैं। उम्मीद है कि एक फरवरी को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी समारोह का हिस्सा बनेंगे। 27 जनवरी को गृहमंत्री अमित शाह अपने तय कार्यक्रम के मुताबिक महाकुंभ में हिस्सा लेंगे। वह संगम में पवित्र डुबकी लगाएंगे। गंगा पूजा करेंगे और अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। गृहमंत्री अमित शाह के दौरे को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियों ने शहर के प्रमुख चौराहों और कार्यक्रम स्थलों पर विशेष निगरानी के साथ सतर्कता बढ़ा दी है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एक फरवरी को संगम में पवित्र डुबकी लगाने वाले हैं।



## आतिशी का ईसी को पत्र रमेश बिधूड़ी के भतीजे पर लगाया गंभीर आरोप

### पैरा-मिलिट्री फोर्स की तैनाती की मांग

**दिल्ली।** राजधानी की मौजूदा मुख्यमंत्री और कालकाजी से आम आदमी पार्टी की उम्मीदवार आतिशी ने मंगलवार को चुनाव आयोग को पत्र लिख भाजपा प्रत्याशी रमेश बिधूड़ी के भतीजे पर मारपीट करने और धमकाने का आरोप लगाया है। आतिशी ने ट्वीट कर लिखा है, कालकाजी में हार के डर से रमेश बिधूड़ी जी के भतीजे और रिश्तेदार गुंडागर्दी पर उतर आए। कल (सोमवार) शाम को भाजपा वालों ने आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं को डराया, धमकाया और जोर-जबरदस्ती की। कई महिला कार्यकर्ताओं के साथ भी बदतमीजी की। चुनाव अधिकारियों को चिट्ठी लिख कर इन गुंडों पर कार्यवाही की मांग की है। साथ ही कालकाजी विधान सभा क्षेत्र में पैरा-मिलिट्री फोर्स



की तैनाती के लिए कहा है। मैं यह पत्र औपचारिक रूप से आपके ध्यान में लाने के लिए लिख रहा हूं कि 2० जनवरी 2०25 को गली नंबर 1, गोविंदपुरी, कालकाजी में आप कार्यकर्ताओं को डराने-धमकाने की घटना हुई। रेखा बस्सी, संजय गुप्ता, मणि मंटा, आराधना, सुनीता पांडे, शेर सिंह, हरि शंकर गुप्ता और अन्य सहित आप कार्यकर्ताओं को कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मौखिक और शारीरिक रूप से धमकाया गया। कुणाल भारद्वाज, मनीष, ऋषभ बिधूड़ी (जो भाजपा उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी के भतीजे हैं) सहित भाजपा सदस्यों ने संजय गुप्ता और अन्य लोगों को धमकाया, गालियां दीं, उनका कॉलर पकड़ा और शारीरिक नुकसान पहुंचाने की धमकी दी। खास बयानों में शामिल थे घर बैठ जाओ, हाथ पैर टूट जाएंगे, यह हमारे घर का चुनाव है। वहां मौजूद आप कार्यकर्ताओं ने विवाद का एक हिस्सा रिकॉर्ड कर लिया। इसी तरह का विवाद 3-4 दिन पहले हुआ था, जहां भाजपा कार्यकर्ता ने डोर-टू-डोर प्रचार कर रहे आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता को थप्पड़ मार दिया था।

## तेजस्वी यादव बोले- अब सीएम नीतीश के लिए बिहार चलाना असंभव

**पटना।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने फिर से सीएम नीतीश कुमार पर हमला बोला है। रोहतास में अपनी यात्रा के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि अगर आप नीति आयोग की रिपोर्ट देखेंगे तो पाएंगे कि बिहार बेरोजगारी, गरीबी, पलायन आदि में अव्वल है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लगभग 2० साल से बिहार को चला रहे हैं और केंद्र में भी भाजपा की सरकार है, लेकिन बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं दिला सके। नीतीश कुमार बोलते थे कि विशेष राज्य के दर्जे को लेकर पदयात्रा करेंगे जबकि मौजूदा समय में वे केंद्र



में भी सरकार के साथ है। इसलिए बड़ा सवाल है कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा कब दिलवाएंगे। बिहार में अपराध चरम सीमा पर है, लायन आर्डर ध्वस्त हो चुका है, गरीबों की सुनवाई नहीं हो रही, प्रखंड व थाने पर बिना घूस दिए कोई काम नहीं हो रहा है। बिहार में भ्रष्टाचार की गंगोत्री बह रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एक परीक्षा भी ढंग से नहीं करा पा रहे और बिहार चलाना इनके लिए अब असंभव हो चुका है। मुख्यमंत्री थक चुके हैं और रिटायर्ड अधिकारियों के साथ बिहार चला रहे हैं। इन लोगों के पास ना कोई नया विजन है और ना ही नई सोच है कि कैसे बिहार को आगे लेकर जाए। तेजस्वी यादव ने कहा कि हम लोगों के पास बहुत काम है। हमलोग काम में विश्वास करते हैं। हम जनता के साथ हैं और जनता के हीं मुद्दों को उठा रहे हैं। सासाराम में आयोजित कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में शामिल होने आए तेजस्वी यादव ने एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि अलग-अलग जगहों पर अलग-अलग समस्याएं रहती है, जिससे लोग हमें अवगत करा रहे हैं। बिहार से पलायन रोकने, इंडस्ट्री लगाने, बिहार को अव्वल राज्यों में शुमार कराने जैसे ब्लूप्रिंट के साथ जनता के सामने जा रहे हैं और 17 महीने में जो हम लोगों ने काम किया है, उसे लोगों को बता रहे हैं।

### भड़काऊ गीत वीडियो मामले में इमरान प्रतापगढ़ी को राहत

**सूरत।** गुजरात के जामनगर में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह की पृष्ठभूमि में भड़काऊ गीत के साथ संपादित वीडियो पोस्ट करने के मामले में कांग्रेस सांसद और कवि इमरान प्रतापगढ़ी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि प्रतापगढ़ी के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने प्रतापगढ़ी के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द न करने गुजरात हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई की। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने प्रतापगढ़ी द्वारा दायर अपील पर गुजरात सरकार और शिकायतकर्ता किशनभाई दीपकभाई नंदा को नोटिस जारी किया। गुजरात हाईकोर्ट ने पिछले दिनों एक फैसले में कहा था कि कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के खिलाफदर्ज की गई एफआईआर रद्द नहीं होगी। जामनगर के निवासी किशन नंदा की शिकायत के आधार पर यह मामला दर्ज हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि इमरान प्रतापगढ़ी ने 29 दिसंबर को सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल होने के तीन दिन बाद 2 जनवरी को सोशल मीडिया एक्स पर वीडियो पोस्ट किया।


अमर भास्कर

आवश्यकता है-

अमर भास्कर

(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र एवं न्यूज चैनल)

को पूरे देश में प्रदेश स्तर, मण्डल स्तर जिला स्तर, तहसील स्तर, ब्लॉक एवं थाना स्तर पर अनुभवी एवं शिक्षित संवाददाता एवं विज्ञापन प्रभारियों की।

संपर्क करें:-

मोबा. 9411214614, 9058143211, 7599339198

ऑफिस:-

निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक, बदायूँ (उ.प्र.)- 243601

www.amarbhashkar.com

Email- amarbhashkar21@gmail.com

# दंपति ने रहस्यमय परिस्थितियों में की खुदकुशी



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**चित्रकूट।** जिले के भरतकूप थाना क्षेत्र में जानकी यादव और शिवलाल यादव की शादी 25 अप्रैल 2024 को हुई थी। शादी हुए करीब नौ महीने हुए थे, लेकिन न जाने किस बात पर दोनों ने खुदकुशी कर ली। ग्रामीणों का कहना है कि दोनों के परिजन शादी से खुश थे। पति-पत्नी के बीच भी मनमुटाव या झगड़े की बात परिजन नहीं बता रहे हैं।

दोनों के रिश्तों में खटास, तो नहीं पर शक का कीड़ा कुलबुलाता रहा। मोबाइल पर फेसबुक, इंस्टाग्राम और चौटिंग को लेकर दोनों के बीच कई बार बातचीत हुई। इसी शक के कीड़े के चलते महिला ने जान दे दी। इसके बाद जेल जाने के डर या ग्लानि में पति ने भी जान दे दी। जानकी के परिजनों का कहना है कि शादी के बाद शिवलाल ने कई बार जानकी को मोबाइल पर फेसबुक, इंस्टाग्राम और चौटिंग के लिए मना किया था। इस पर उसने चौटिंग भी बंद कर दी थी। उधर, शिवलाल के परिजनों ने बताया कि जानकी ने कई बार शिवलाल से समय से घर आने और इधर-उधर जाने की सूचना फोन पर देने के लिए कहा, लेकिन शिवलाल अक्सर लापरवाही करता था।

इससे उसे शक होने लगता था। घटना की रात भी जानकी ने देर रात को पति से फोन पर बात की थी। पतौड़ा निवासी शिवकुमार के पांच पुत्रों में शिवलाल दूसरे नंबर का था। बड़ा भाई चित्रकूट के एक मंदिर में रहता है।

शिवलाल क्रशर मशीन में ऑपरेटर का काम करता था। दोनों मिलकर परिवार का खर्च चलाते थे। जानकी व शिवलाल के पिता किसान हैं। जानकी के शव का पोस्टमार्टम हो गया है। शिवलाल के शव का सोमवार की देर शाम तक पोस्टमार्टम नहीं हो पाया है। शिवलाल के परिजनों ने बताया कि मंगलवार को दोनों का एक साथ गांव के बाहर अंतिम संस्कार किया जाएगा। पति से फोन पर बात के बाद पत्नी ने मायके में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। इसकी जानकारी होते ही पति ने ट्रेन के सामने कूद कर जान दे दी। पोस्टमार्टम हाउस में पहुंचे दोनों पक्षों के परिजनों में तीखी बहस हुई। भरतकूप थाना क्षेत्र के पतौड़ा निवासी शिवलाल यादव (22) की शादी सदर कोतवाली क्षेत्र के लौढ़िया खुर्द निवासी राजेश यादव की पुत्री जानकी देवी (20) के साथ 25 अप्रैल 2024 को हुई थी। जानकी करीब दो माह से मायके में थी।

वह शनिवार को मायके पक्ष की एक रिश्तेदारी में सिंहपुर निमंत्रण में गई थी। वहीं पर फोन से पति से बातचीत हुई और रविवार की सुबह ही वह मायके लौट आई थी। इसके बाद शाम को पिता व भाई शारदा को खाना खिलाने के बाद वह सो गई।

## सांसद पति पर लगे आरोपों को लेकर कही बड़ी बात

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**सीतापुर।** जिले से कांग्रेस सांसद राकेश राठौर पर युवती ने दुष्कर्म का आरोप लगाया है। इस पर मंगलवार को उनकी पत्नी मीडिया के सामने आईं। उन्होंने सांसद पति पर लगे आरोपों पर अपनी बात रखी। कहा कि सभी आरोप निराधार हैं। कोर्ट हमें न्याय जरूर देगी। सांसद की पत्नी नीलम राठौर ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह समय हमारे लिए बहुत कठिन है। जो हमारे पति पर आरोप लगाये गए हैं, वह सब निराधार हैं। मुझे अपने पति पर पूरा भरोसा है। वह सही हैं। हर मायने में लोगों की मदद करते हैं। कोर्ट पर पूरा भरोसा है। कोर्ट हमें जरूर न्याय देगी। इससे पहले शहर कोतवाल अनूप शुक्ला ने सांसद के घर जाकर नोटिस तामील कराया है। ताकि सांसद के बयान दर्ज करवाए जा सकें।

# डीएम ने आवास सर्वे के लिए किया जागरूक



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**फिरोजाबाद।** शासन और प्रशासन का उद्देश्य है कि हर व्यक्ति को आवास मिले, जिससे वह और उसके बच्चे सुरक्षित हो सके। साथ ही साथ अच्छी शिक्षा प्राप्त कर बहतर नागरिक बन सके, इसलिये शासन द्वारा जारी निर्देशो के क्रम में प्रशासन द्वारा आवास सर्वेयर का कार्य कराया जा रहा है।

जिलाधिकारी रमेश रंजन के मार्ग दर्शन में पीडीडीआरडीए द्वारा लगातार इस बात का प्रयास किया जा रहा है कि सभी पात्र व्यक्तिओं का सर्वे कराकर इस योजना से लाभान्वित किया जा सके। साथ ही साथ ऐसे विचौलिये जो लगातार इस सम्बन्ध में ग्रामीणों का भ्रमाते रहते हैं उनसे भी निजात दिलायी जा सके। इसलिये शासन ने गरीबों को इस मुसीबत से बचाने के लिये उन्हें खुद ही अपना सर्वेक्षण का अधिकार दे दिया है। ये समस्त सर्वे आवास प्लस ऐप पर होगा। पात्र व अपात्र व्यक्तियों का चयन पंचायत स्तर पर सचिव द्वारा होगा। उनकी रिर्पोट के आधार पर ही योजना का लाभ पा सकेगें। कई बार रिर्पोट लगाने में मनमानी भी देखी जाती है, पात्र को अपात्र बना दिया जाता है। इन सभी परेशानियों को खत्म करने के लिये शासन ने ग्रामीणों को अपना सर्वे स्वंय करने का अधिकार दिया है। इस सम्बन्ध में पीडीडीआरडीए सुभाष चन्द्र त्रिपाठी का कहना है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के सर्वे का कार्य शुरू हो गया है। इसमें सेल्फसर्वे भी हो रहा है, इसके तहत ग्रामीण आवास प्लस ऐप पर सर्वे खुद कर सकते है। पारदर्शिता लाने की दिशा में सरकार द्वारा किया गया यह प्रयास उल्लेखनीय है।

# यूपी बोर्ड का मण्डल स्तरीय हेल्प डेस्क स्थापित



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** यूपी बोर्ड हाइस्कूल व इण्टरमीडिएट परीक्षा में विद्यार्थी तनाव मुक्त रहकर सफलता प्राप्त करें, इसको लेकर होने वाले तनाव से मुक्त करने तथा समय प्रबन्धन को लेकर मण्डल मुख्यालय पर स्थापित हेल्प डेस्क ने आज से काम करना प्रारम्भ कर दिया। हेल्प डेस्क 21 जनवरी से परीक्षा समाप्त होने 12 मार्च तक जारी रहेगी।

नौरंगीलाल राजकीय इंटर कॉलेज अलीगढ़ में स्थापित हेल्प डेस्क में परामर्शदाता विद्यार्थियों की परीक्षा सम्बन्धी तनाव, मानसिक समस्याओं का निःशुल्क मनोवैज्ञानिक निवारण करेंगे। संयुक्त शिक्षा निदेशक अलीगढ़ मंडल अलीगढ़ मनोज कुमार गिरि ने विद्यार्थियों से अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि छात्र परीक्षाओं का सामना करने के लिए तनाव मुक्त होकर बेहतर प्रदर्शन करें। अभिभावकों को भी ध्यान देना चाहिए कि यदि बच्चों को नींद नहीं आ रही है, घबराहट हो रही है या बुरे डरावने सपने आ रहे हैं, तो तत्काल मनोवैज्ञानिक चिकित्सक से सम्पर्क करें।

जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदा नन्द ने विद्यार्थियों को तनाव को दूर करने हेतु कई टिप्स दिए।मण्डलीय हेल्प डेस्क के परामर्शदाताध्प्रवक्ता मनोविज्ञान विनीत वार्ष्णेय ने विद्यार्थियों को चिन्ता या दबाव में न आने तथा निसंकोच निःशुल्क परामर्श प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। मण्डलीय नोडल अधिकारी, प्रवक्ता नौरंगी लाल राजकीय इण्टर कॉलेज विपुल कुमार पाठक ने हेल्प डेस्क के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नौरंगीलाल राजकीय इंटर कॉलेज , करुण प्रकाश शर्मा, कौशल कुमार,सुधांशू आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस मुठभेड़ में दो पशु तस्करों को लगी गोली

**मिर्जापुर।** जिले के अदलहाट पुलिस ने मंगलवार की सुबह मुठभेड़ में दो पशु तस्करों को गिरफ्तार किया। दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी है। उनके पास से तमंचा कारतूस और कंटेनर से 32 मवेशी को बरामद किया गया। पुलिस ने घायल तस्करों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। अदलहाट पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि पशु तस्कर कंटेनर से मवेशी लेकर जा रहे हैं। अदलहाट पुलिस और एसओजी टीम ने रानीबाग नगर तिराहा के पास घेरेबंदी की। पुलिस ने आ रहे कंटेनर को रोकने का प्रयास किया तो पशु तस्करों ने पुलिस पर फायरिंग की। तस्करों की फायरिंग से बचते हुए पुलिस ने गोली चलाई। गोली पशु तस्कर अब्बू सहमा निवासी ग्राम चकिया कसारी मसारी थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज के बाएं और महबूब आलम के दाएं पैर में लगी।

# एडी पशुपालन के निर्देशन में हुई बैठक



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** विगत दिनों दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला, दैनिक जागरण एवं हिन्दुस्तान में प्रकाशित जनपद में पशु कटान से संबंधित खबरों का संज्ञान लेते हुए अपर निदेशक पशुपालन डॉ० प्रमोद कुमार द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में आवश्यक बैठक आहुत की गयी।

बैठक में नवागत मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ० दिवाकर त्रिपाठी समेत सभी प्रबंधक पशु वधशाला, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी पशुधन विकास एवं उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सम्बन्धित पशुवधशाला द्वारा प्रतिभाग किया।बैठक में प्रबन्धको से पशु वधशला में पशु कटान से संबंधित अभिलेख न दिए जाने के संबंध में वार्ता की गई, जिसमें प्रबंधकों ने बताया कि प्रतिमाह कटान की सूचना मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में मासिक एम.पी.आर के रूप में उपलब्ध कराई जाती है। प्रबंधकों ने पशु कटान से सम्बन्धित कार्यालय में उपलब्ध करायी गयी सूचना की प्राप्ति को भी अवलोकित कराया।

इस संबन्ध में अभिहित पशु चिकित्सक एवं पटल सहायक द्वारा अवगत कराया गया कि पशु वधशाला सम्बन्धी सूचनायें कार्यालय में नियमित एवं मासिक रूप से प्राप्त होती रही है। समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरें भ्रामक एवं वास्तविकता से परे है। ऐसे में अपर निदेशक पशुपालन ने उक्त खबर का खण्डन करते हुए संबंधित समाचार पत्र संपादकों से अनुरोध किया है कि वह अपने सम्मानित समाचार पत्र में पशु कटान से संबंधित भ्रामक खबर का खण्डन प्रकाशित करने की कृपा करें।

## फैक्टरी में गैस लीक होने से बड़ा हादसा

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**बुलंदशहर।** जिले में स्थित सिकंदराबाद की बीएटीएक्स एनर्जीज कंपनी में मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां गैस रिसाव होने से दो कर्मचारियों की मौत हो गई है, वहीं तीसरे को बेहोशी की हालत में अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना पर पुलिस बल के साथ एसडीएम मौके पर पहुंचे। वहीं मर्तक के परिजनों ने कार्रवाई की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार फैक्टरी में ट्रायल चल रहा था। बॉयलर में गैस सिलेंडर लगाने के दौरान अधिक मात्रा में गैस का रिसाव होने के कारण गुलावठी क्षेत्र के गांव बसाईच निवासी सत्येंद्र 21 वर्ष पुत्र गजेंद्र, संभल मुरादाबाद निवासी अंशुल चौहान व गिरीश बेहोश हो गए। जिन्हें उपचार के लिए नोएडा के कैलाश से फॉर्टिस हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।

## आजादी के बाद बाजना में पहली बार बनेंगे दो पुल

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**बाजना।** बाजना क्षेत्र में- मंगलवार को ग्रामीणों की मांग पर विधायक राजेश चौधरी के प्रयासों से गांव मुड़लिया व गांव जरैलिया सेहुपट्टी में नाले पर दो पुल निर्माण का उद्घाटन विधायक राजेश चौधरी द्वारा नारियल फोड़कर किया। जरैलिया में आजादी के बाद पहली बार नाला पर पुल बनेगा जिससे ग्रामीण बाजना न होकर शॉर्ट रास्ते के सहारे नौहझील-बाजना मार्ग के बीच निर्फद नेत्र चिकित्सालय के समीप पहुंच जाया करेंगे। वहीं दूसरे पुल का उद्घाटन छोटी मुड़लिया में किया, वहां भी आजादी के बाद पहली बार नाला पर पुल बनेगा।इस पुल के बनने से नवीपुर हमजापुर मानगढ़ी बादौठ खानपुर सहित दर्जनों गांवों का रास्ता सुलभ होगा।

# संगीता सिंह ने संभाला आयुक्त का कार्यभार



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** नवागत आयुक्त अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़ संगीता सिंह ने मंगलवार को मण्डलायुक्त अलीगढ़ के तौर पर पदभार ग्रहण किया। संगीता सिंह 2009 बैच की आईएएस अधिकारी हैं।

वह इससे पूर्व वह जनपद सुल्तानपुर में बतौर जिलाधिकारी प्रशासनिक सेवाएं दे चुकी हैं और विगत लगभग 06 वर्ष से आयुष्मान भारतरू जन आरोग्य योजना में मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पद पर कार्यरत रही हैं। आपके कार्यकाल में उत्तर प्रदेश में लगभग 5.18 करोड़ लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए, जिसके माध्यम से 55 लाख से अधिक लोग 8800 से करोड़ से अधिक धनराशि का चिकित्सकीय लाभ ले चुके हैं और 6000 से अधिक चिकित्सालय इस योजना में सम्बद्ध हैं।नवागत कमिश्नर संगीता सिंह ने कार्यभार संभालने के बाद कमिश्नरी सभागार में मीडिया प्रतिनिधियों से भेंटवार्ता की। उन्होंने कहा कि ताला, तालीम और अदब के शहर अलीगढ़ में शासन की योजनाओं को धरातल पर क्रियान्वित करने के साथ ही स्मार्ट सिटी परियोजना, नगर निगम एवं एडीए के आपसी समन्वय से सुचारू यातायात एवं जल निकासी का वैज्ञानिक समाधान उनकी प्राथमिकता होगी। कमिश्नर ने कहा कि उन्हें मण्डल में अच्छी टीम मिली है और आपसी समन्वय से शासकीय योजनाओं को प्राथमिकता व पारदर्शिता से धरातल पर उतारा जाएगा। अन्त में अपर जिला सूचना अधिकारी ने पत्रकार बन्धुओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## मिशन जल शक्ति के लेकर किया जागरूक

**मथुरा।** जल है तो कल है, बावजूद इसके जल बेवजह बर्बाद किया जाता है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि जल-संकट का समाधान जल के संरक्षण से ही है। हम हमेशा से सुनते आये हैं जल ही जीवन है। जल के बिना सुनहरे कल की कल्पना नहीं की जा सकती, जीवन के सभी कार्यों का निष्पादन करने के लिये जल की आवश्यकता होती है। जल ही जीवन है, जल है तो कल है। लोगों को जागरूक करने के लिए यह स्लोगन अक्सर सार्वजनिक स्थानों, पानी की टंकी, सरकारी भवनों पर लिखे रहते है, लेकिन हकीकत में इस पर कोई अमल नहीं हो रहा है। ऐसे में जल संरक्षण की मुहिम को घर-घर पहुंचाने के लिए सामाजिक कार्यकर्ता सुभाष नौहवार इन दिनों प्रयागराज कुंभ में अलख जगा रहे हैं।

# मतदाता थीम को लेकर हुई समीक्षात्मक बैठक



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**फिरोजाबाद।** इस बैठक में शासन के निर्देशो के तहत बताया गया कि प्रत्येक वूथ पर विभिन्न स्थलों पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेने वाले मतदाताओं को शपथ दिलायी जायेगी। वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांग ट्रांसजेण्डर अन्य वर्गो के मतदाताओं को आयोजित समारोह में सम्मानित किया जायेगा।

उन्होंने कहा अधिक से अधिक युवाओं, महिलाओं, की सहभागिता को सुनिश्चित करने हेतु कॉलेजों, महाविद्यालयों में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जायेगा। इस आयोजन में छात्र-छात्राओं को मतदाता शपथ दिलाने के साथ-साथ स्कूल, कॉलेजों में प्रभातफेरी, स्लोगन, राइटिंग, निबन्ध लेखन प्रतियोगिता, गीत प्रतियोगिता, स्किट्स प्रतियोगिता, ऑनलाइन प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जायेगा। साथ ही साथ उन्होने कहा कि 25 जनवरी 2025 को आयोजित राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर नये मतदाताओं को फोटो पहचान पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। साथ ही साथ आयोग द्वारा तैयार की गयी ई०वी०एम०, वी०पी०पैट तथा पंजीकरणध्समावेशन इत्यादि से सम्बन्धित फिल्म को आयोजित समारोह में दिखाया जायेगा। साथ ही साथ प्रत्येक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में सर्वोत्तम कार्य करने वाले बीएलओ को जनपद स्तर पर पुरस्कृत कर सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं की सहभागिता हेतु जागरूकता लाने के लिये आशा, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं आदि की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी विशुराजा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष पाण्डे आदि मौजूद रहे।

# कंबल वितरण को लेकर सभासद व नगर पालिका अध्यक्ष आमने-सामने



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**आंवला।** नगर पालिका के वार्ड नंबर 10 के सभासद सुनील यादव ने शिकायत करते हुए बताया कि उनके मोहल्ले की कई महिलाओं को कूपन तो वितरण कर दिए गए मगर कूपन मिलने के बावजूद भी उन महिलाओं को नगर पालिका की ओर से कंबल वितरण नहीं किया गया जिसको लेकर उन्होंने नाराज की जताई थी।

तहसील समाधान दिवस में शिकायत करने की बात कही थी बातचीत के दौरान सभासद सुनील यादव ने बताया कि हमें नगर पालिका से 80 कूपन मिले थे जिसे लगभग 15 से अधिक महिलाओं को कंबल नहीं मिले हैं बाकी को मिल चुके हैं यह बुजुर्ग महिला के कारण कंबल नहीं ले पाई थी जब वह बाद में पहुंची तो उन्हें एक-एक दिन का कहकर टहला दिया गया और उसके बाद कंबल खत्म हो गए कह दिया गया जबकि उन्होंने वह कमल अपने चाहते लोगों को दिए गए वहीं जब नगर पालिका अध्यक्ष सैयद आबिद अली से बात की गई तो उन्होंने कहा कि जब हमने कूपन दिए थे और समय पर तारीख निश्चय कर दी थी फिर भी महिलाओं को लेकर क्यों नहीं पहुंचे दूसरा हम कंबल सिर्फ जिसको कूपन मिला है उसी को देंगे किसी अन्य व्यक्ति को हम नहीं देंगे इसके अलावा एक बार उन्होंने कंबल वितरण कर दिए गए थे उन्होंने उन कंबल को अपने घर पर रख लिया था इस कारण इस बार हमने इन्हें कंबल नहीं दिए कंबल वितरण को लेकर हम पर आरोप लगा रहे जो निराधार है

## युवक ने ढढ़ौस के पुल से लगाई छलांग

**मैनपुरी।** जिले के कुसमरा कस्बे के गांव जवापुर के रहने वाले युवक ने ढढ़ौस के पुल से नदी में छलांग लगा दी। घटना की जानकारी मिलते ही परजिन और पुलिस मौके पर पहुंच गई। नदी में छलांग लगाने वाले युवक की तलाश के लिए एसडीआरएफ की टीम जुटी हुई है।ग्राम जवापुर निवासी भूपेंद्र उर्फ डबलू शाक्य ने मंगलवार सुबह ढढ़ौस के पुल से नदी में छलांग लगा दी। लोगों ने जब ये दृश्य देखा तो उसे बचाने के लिए दौड़े, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।सूचना पर परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए। युवक द्वारा उठाए गए इस कदम से परिजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई। एसडीआरएफ की टीम ने युवक की नदी में तलाश शुरू कर दी है। युवक द्वारा ये कदम क्यों उठाया गया, इस बारे में अभी जानकारी स्पष्ट नहीं हो सकी है।

# जल्द होंगे अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** उप श्रम आयुक्त सियाराम ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि अटल आवासीय विद्यालय टमकोली में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा-06 एवं कक्षा-09 की प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश के लिए पात्र अभ्यर्थियों से मण्डल के जिले- अलीगढ़, हाथरस, एटा एवं कासगंज में आवेदन-पत्र आमंत्रित किये जा रहे हैं।

आवेदन पत्र किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक 05 फरवरी तक सम्बन्धित जिलों के जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं जनपदीय श्रम विभाग के कार्यालय से प्राप्त कर जमा कराए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि कोविड के कारण अनाथ बच्चे सम्बन्धित जिला प्रोबेशन कार्यालय में आवेदन जमा करेंगे। उप श्रम आयुक्त ने आवेदन जमा किये जाने एवं पात्रता के सम्बन्ध में अवगत कराया कि निर्माण श्रमिक के बच्चों के लिये ऐसे अद्यतनीकृत रूप से विधिवत पंजीकृत निर्माण श्रमिक, जो पंजीयन के उपरान्त 30 नवंबर 2024 को कम से कम 03 वर्ष बोर्ड की सदस्यता अवधि पूर्ण कर चुके हों, उनके प्रति परिवार अधिकतम 02 बच्चे पात्र होगें। पंजीकृत श्रमिक का पंजीयन अलीगढ़ मण्डल के सभी जिलों में होना चाहिये। उन्होंने अनाथ बच्चों के लिये पात्रता की जानकारी देते हुए बताया कि वह बच्चें जो कोविड से अनाथ हुए हैं, जिनका महिला एवं बाल कल्याण विभाग में पंजीयन हो अथवा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लिए पात्र बच्चे दोनों ही श्रेणी के कक्षा-06 के अभ्यर्थियों लिए का जन्म 01 मई 2013 से पहले और 31 जुलाई 2015 के कक्षा-09 के लिए अभ्यर्थियों का जन्म 01 मई 2010 से पहले और 31 जुलाई 2012 के बाद नहीं होना चाहिये।

## सड़क हादसों में महिला की मौत, तीन घायल

**बहराइच।** जिले में दो जगह शुक्रवार को हुए सड़क हादसों में महिला की मौत हो गई। जबकि, तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को अस्पताल भिजवाया। बहराइच-नानपारा हाईवे पर मटेरा थाने के चौराहा के पास ट्रक ने सामने से आ रहे बाइक सवार को टक्कर मार दी। बाइक पर मोतीपुर थाना के चिरौंधा निवासी सलमान (26) उनकी पत्नी जौहरा (23) और सास आयशा बानो (50) को सवार थी। मौके पर ही जौहरा की मौत हो गई। मृतका की मां और पति गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर आई पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। मृतका के चाचा मकबूल ने बताया वे लोग बहराइच के एक निजी अस्पताल में भर्ती रिश्तेदार को देखने जा रहे थे। रास्ते में हादसे का शिकार हो गए। बताया कि उनको तीन बेटियां हैं।

# 25 जनवरी को मनाया जायेगा 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला निर्वाचन अधिकारी निधि वास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि 25 जनवरी 2025 को 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा तथा डायट स्थित ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु कार्यक्रम स्थल पर दायित्वों का विभाजन किया है तथा नगर मजिस्ट्रेट प्रवर्धन शर्मा, डिप्टी कलेक्टर कल्पना जायसवाल, नायब तहसीलदार कादरचौक एचएस बोनाल, डिप्टी कलेक्टर नम्रता सिंह तथा तहसीलदार बदायूँ को दायित्व सौंपते हुए प्रभारी अधिकारी बनाया गया है।

उन्होंने बताया कि प्रातः 09.30 से 10.00 बजे तक राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर प्रभातफेरी का शुभारम्भ जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, बदायूँ के मुख्य द्वार से अपने निर्धारित रूट पर जाकर एवं प्रभातफेरी में सम्मिलित छात्र-छात्राएँ कार्यक्रम स्थल पर आकर पण्डाल में अपना स्थान ग्रहण करेगें। प्रभातफेरी के उपरान्त प्रातः 10 बजे सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलन हेतु दीपक, तेल, वाती प्रतिमा की व्यवस्था व फूल, माला एवं बुके आदि की व्यवस्था कर स्वागत कार्यक्रम करायेगें। प्रातः 10:30 बजे से 11 बजे तक मिनट टू मिनट कार्यक्रम के अनुसार मंच का संचालन एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम 11 बजे करवाने की व्यवस्था करेगें। पूर्वान्ह 11 से अपरान्ह 01.00 तक मतदाता जागरूकता सम्बन्धित सांस्कृतिक कार्यक्रम पूर्व तैयारी कराकर मंच पर मंच संचालक के साथ समन्वय स्थापित कर छात्र-छात्राओं से प्रस्तुतिकरण एवं आवश्यक संगीत के आवश्यक उपकरण तबला, हारमोनियम आदि की व्यवस्था कर कार्यक्रम करायेंगें। अपरान्ह 01 बजे से 01.30 तक मतदाता जागरूकत्ता में उत्कृष्ट योगदान देने वाले छात्र-छात्रायें, युवा वोटर, उत्कृष्ट कार्य करने वाले बी०एल०ओ०, थर्ड जेण्डर, वृद्ध, दिव्यांग मतदाताओं की सूची सदर तहसील से प्राप्त कर व कार्यक्रम स्थल पर ससमय आमन्त्रित कर प्रशस्ति पत्र सम्बन्धित का नाम अंकित कर एवं मोमेंटो से सम्मान करायेंगे।

# ब्लॉकों में लगेंगे रोजगार मेलों के शिविर




**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री संदीप महतो कमान्डेन्ट क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र देहरादून उ०प्र० के पत्र के द्वारा सुरक्षा कार्यों में प्रशिक्षण उपरान्त रोजगार देने के लिए इच्छुक उम्मीदवारों के पंजीयन हेतु समस्त विकासखण्डों में ऑनलाइन रोजगार मेलों का शिविर लगाए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों से कम्पनी द्वारा प्रशिक्षण हेतु 350 रुपए प्रोफाईल फीस तथा 10 हजार रुपए प्रशिक्षण शुल्क लिया जायेगा, जिसमें उन्हें कैन्टीन, यूनीफार्म, बोर्डिंग एवं लॉजिंग आदि सुविधा अनुमन्य होगी। इस सम्बन्ध में कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा। सुरक्षा जवान हेतु वेतनमान 15000 रुपए से 20 हजार रुपए एवं सुरक्षा सुपरवाइजर हेतु वेतनमान 18 हजार रुपए से 25 हजार रुपए दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि विकास खण्ड सालारपुर में 22 एवं 23 जनवरी 2025 को, उझानी में 24 एवं 24 जनवरी 2025 को, कादरचौक में 27 एवं 28 जनवरी 2025 को, म्याऊँ में 29 एवं 30 जनवरी 2025 को, उसावां में 31 जनवरी एवं 02 फरवरी 2025 को, जगत में 03 एवं 04 फरवरी 2025 को, वजीरगंज में 05 एवं 06 फरवरी 2025 को, बिसौली में 07 एवं 10 फरवरी 2025 को, आसफपुर में 11 एवं 12 फरवरी 2025 को, सहसवान में 13 एवं 14 फरवरी 2025 को, दहगवां में 15 एवं 17 फरवरी 2025 को, इस्लामनगर में 18 एवं 19 फरवरी 2025 को, अम्बियापुर में 20 एवं 21 फरवरी 2025 को, दातागंज में 24 एवं 25 फरवरी 2025 को तथा समरेर में 25 एवं 27 फरवरी 2025 को ऑनलाइन रोजगार मेलों का शिविर लगाए जाएंगे।

जिला रोजगार सहायता अधिकारी सचिन कुमार ने जानकारी देते हुए अवगत है कि इस रोजगार मेला में 02 कम्पनियॉ प्रतिभाग कर रही है। इस रोजगार मेलें में हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक, स्नातकोत्तर एवं आईटीआई एवं जीटीआई उत्तीर्ण समस्त ट्रैडों के अभ्यर्थी मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। यह योजना उत्तर प्रदेश सरकार के युवाओं के लिए निजी क्षेत्र की कम्पनियों में रोजगार उपलब्ध कराने की सौगात है।

## सार-संक्षेप

### विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन



**उसावां।** कस्बे के ऑस्कर पब्लिक स्कूल के प्रांगण में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा खेलो भारत नगर खेल कुंभ 2025 का आयोजन संपन्न हुआ जिसमें विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं हुई। प्रतियोगिताओं में गूरा बरेला टीम विजेता एवं ऑस्कर पब्लिक स्कूल उपविजेता हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक के बड़े भाई डॉ अरविंद सिंह रहे जिन्होंने विजेता एवं उपविजेता टीमों को प्रमाण पत्र, मेडल, शील्ड देकर सम्मानित किया। इस मौके पर एवीवीपी के संगठनमंत्री विवेक जादौन, जिला प्रमुख सत्यम मिश्रा, जिला महामंत्री भाजयुमो दिग्गज गुप्ता, प्रांत सहसंयोजक एसएफएस अरुण पांडे, पूर्व चेयरमैन धीरेंद्र पाल गुप्ता, चेयरमैन प्रतिनिधि अरुण कुमार सिंह, अशोक राठौड़, अनेकपाल यादव, संतोष सिंह, शिवम गौर, यश गुप्ता सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जेएस कॉलेज के छात्रों ने सड़क सुरक्षा अभियान चलाया



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** जेएस (पीजी) कॉलेज बदायूं की स्वामी विवेकानंद, वीरांगना लक्ष्मीबाई एन एस एस की दोनों इकाइयों तथा नेहरू युवा केंद्र बदायूं भारत सरकार के सामूहिक तत्वाधान में बदायूं फर्रुखाबाद रोड पर सड़क सुरक्षा अभियान चलाया गया। अभियान के द्वारा सड़क के राहगीरों को स्वयंसेवकों तथा सेविकाओं के द्वारा परिवहन नियमों को बता कर जागरूक किया और कहा कि दो पहिया वाहनों के लिए हेलमेट और चार पहिया वाहनों को शीट बेल्ट लगाकर कर ही यात्रा करना चाहिए। किसी भी दशा में शराब पीकर वाहन नहीं चलना चाहिए। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी छविराम सिंह ने सड़क सुरक्षा की स्वयंसेवकों को शपथ भी दिलवाई। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र बदायूं से रविंद्र पाल सिंह, कॉलेज प्राचार्य राहुल कुमार, उत्पल मिश्रा, आदित्य भारद्वाज, रितु दीक्षित, फिरदौस बी, सुनील कुमार भास्कर, सुधीर यादव आदि स्टाफ उपस्थित रहा।

# भाजपा शासन में असमानता बढ़ी, धन का समान नही: ओमकार



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** पूर्व घोषित कार्यक्रम अनुसार प्रांतीय आवाहन पर जय बापू, जय भीम, जय संविधान कार्यक्रम ब्लाक दातागंज और ब्लॉक समरेर के कार्यकर्ताओं द्वारा ग्राम गढ़ा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष समरेर ईशाक अहमद अंसारी ने की कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रूप में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ओमकार सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस कमेटी को उपाध्यक्ष आतिफ खान जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष वीरेश तोमर,जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मुन्नालाल सागर कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओमकार सिंह ने कहा कि भारत के संविधान में यह बात आईने की तरह साफ है की समाज के नीचे खड़े व्यक्ति को उसको अधिकार मिलना चाहिए, लेकिन भारतीय जनता पार्टी के शासन में असमानता बड़ी है और धन का भी असमान वितरण हुआ है अमीर आदमी जो कि एक परसेंट है उसके पास आय का 22.6 प्रतिशत और संपत्ति का 53 प्रतिशत उसके पास है, जबकि मध्यम वर्ग और निचले व्यक्ति के पास आय का 1.35 प्रतिशत और संपत्ति का 4.1 प्रतिशत ही है, यह असमानता भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में हुई है और का विरोध कांग्रेस के सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी जी कर रहे हैं। जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष आतिफ खान ने कहा कि बीजेपी ने अंबेडकर के संविधान के प्रति शुरू से ही विरोध किया और 2024 के चुनाव में 400 सीटें मिलने पर संविधान बदलने का बयान उनके कई नेताओं ने भी दिया।

# बाबा इंटरनेशनल स्कूल में नुक्कड़-नाटक रंगोली का किया गया आयोजन



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बिल्सी।** बाबा इंटरनेशनल स्कूल में यातायात माह के तहत सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों से सम्बन्धित नुक्कड़-नाटक तथा रंगोली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढकर भाग लिया जिसमे रंगोली तथा नुक्कड़-नाटक के माध्यम से यातायात नियमों तथा ट्रैफिक नियमों के बारे में बताया गया जैसे वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करना , वाहन की निर्धारित गति, सीट बेल्ट बांधना, ड्राइविंग लाइसेंस होना, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात न करना, यातायात नियमों का पालन करना, तथा सभी को अपनी नैतिक जिम्मेदारी को समझने के लिए भी कहा गया। साथ ही सभी को सड़क सुरक्षा और यातायात के नियमों के बारें में बताया। अपने जीवन में यातायात नियमों को अनदेखा नहीं करना चाहिए, बल्कि उन्हें अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए।

विद्यालय डायरेक्टर अनुज वार्ष्णेय व विद्यालय निदेशिका साधना वार्ष्णेय ने कहा इस कार्यक्रम का लक्ष्य स्कूली बच्चों, शिक्षकों, अभिभावकों और स्कूल की गाड़ियों के चालक को जिम्मेदार सुरक्षा आदतों के बारे में बताना और संवेदनशील बनाना है ताकि अगली पीढ़ी के लिए सुरक्षित ट्रैफिक एनवायरमेंट बनाये जा सकें। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी 18 वर्ष से कम उम्र में तथा बिना ड्राइविंग लाईसेंस के वाहन नहीं चलाना चाहिए। उन्होंने स्कूल स्टाफ को भी सभी वाहन निर्धारित मानकों एवं यातायात नियमों का पालन करने के लिए निर्देशित किया।

विद्यालय प्रधानाचार्या रूपा माहेश्वरी ने कहा सभी बच्चे अगर अभी से सड़क सुरक्षा के अनुशासन में ढलेंगे तो बड़े होकर सुरक्षित ड्राइविंग करेंगे और समाज व अपने अभिभावकों के लिए रोड सेफ्टी एम्बेसडर के रूप में जन जन तक सड़क सुरक्षा का संदेश पहुंचा सकते हैं। उन्होंने सड़क सुरक्षा सप्ताह के छात्रों को सड़क पर चलते समय आवश्यक नियमों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात के नियमों की जानकारी दी। साथ ही विद्यार्थियों को आदर्श नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रशासक अमित माहेश्वरी एवं समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# ब्लूमिंगडेल स्कूल के छात्रों ने नेशनल ताइक्कांडो में रचा इतिहास



**बदायूं।** ब्लूमिंगडेल स्कूल परिसर के छात्र-छात्राओं ने '16 से 20 जनवरी 2025 को 'स्पोर्ट्स स्टेडियम राजाजी पुरम, लखनऊ में ताइक्कांठो फेडरेशन ऑफइंडिया द्वारा आयोजित नेशनल ताइक्कांडो चौम्पियनशिप स्पर्द्धा में प्रतिभाग किया। स्कूल के सभी 11 प्रतिभागियों ने अपने प्रतिद्वद्वियों से कड़ा मुकाबला करते हुए शिकश्रत दी एवं अपनी इस अद्भुत प्रतिभा का परचम लहराया। इस प्रतियोगिता में सभी राज्यों के लगभग चार हजार प्रतियोगियों ने प्रतिभाग किया। ब्लूमिंगडेल स्कूल के अप्रार्क सक्सेना ने गोल्ड मेडल, अयान ने सिल्वर मेडल एवं शिवा उपाध्याय, मोहम्मद इब्राहिम फरशोरी, सेजल शर्मा व सरवम वैश्य ने ब्राउन्ज मेडल अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता का शुभारम्भ डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के कर-कमलों द्वारा किया गया। इन सभी विजयी प्रतियोगियों को स्कूल अध्यक्षा पम्मी मेंहदीरत्ता, निदेशक ज्योति मेंहदीरत्ता, मैनेजिंग हेड ईशान मेंहदीरत्ता, श्वेता मेंहदीरत्ता आदि ने हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवं यूँ ही उन्नति के पथ पर अग्रसर होने हेतु प्रेरित किया। इस स्पर्द्धा के प्रतियोगियों ने ताइक्कांडो कोच हरीश पाल के दिशा निर्देशन में हुआ।

**सम्मन बिनाबर इनफिसाल मुकदमा**

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी (न्यायिक), बदायूं जनपद बदायूं।

नम्बी मुकदमा जिला बदायूं

**प्रेमपाल बनाम दिनेश चन्द्र आदि**

1- प्रेमपाल........ वादी

**बनाम**

1- सत्यवीर 2- नरेश 3- होरीलाल पुत्रगण दिनेश चन्द्र, 4- जमुना देवी पत्नी रामपाल 5- रामबाबू पुत्र रामपाल, 6-नन्हें 7- जगदीश 8- गंगाराम पुत्रगण नत्थू निवासीगण ग्राम हरीसिंहपुर मजरा सिकन्दराबाद परगना उझानी तह. व जिला बदायूं.....................प्रतिवादीगण

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत धारा 144 रा. स. के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 30-01-2025 को ववक्त 10 बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील जो हालात मुकदमा में कार्यवाही से वाकिफ किया गया हाजिर हो और जबाबदेही दावा की करें। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप व ताईद उस पर जबाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते है। फिर किसी की आपत्ति न सुनी जावेगी और आवेदन के संबंध में यथोचित आदेश पारित कर दिया जायेगा। आज दिनांक 20.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत के जारी किया गया।

न्यायालय की आज्ञा से

पेशकार

न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी (न्यायिक), बदायूं।

**सम्मन बिनाबर इनफिसाल मुकदमा**

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय, बदायूं जनपद बदायूं।

नम्बी मुकदमा जिला बदायूं

**भगवान सिंह बनाम नरवीर सिंह आदि**

1- भगवान सिंह निवासी ग्राम नौशेरा परगना उझानी, तहसील व जिला बदायूं।.......... वादी

**बनाम**

1- योगेन्द्र सिंह पुत्र नत्थू सिंह 2- जितेन्द्र सिंह पुत्र बलवीर सिंह 3- कुसमवती पत्नी बलवीर सिंह 4- प्रेमवती पत्नी नरवीर सिंह निवासीगण ग्राम नौशेरा परगना उझानी तहसील व जिला बदायूं, 5-गॉवसभा/ग्राम पंचायत नौशेरा द्वारा प्रधान नि. ग्राम नौशेरा, परगना उझानी तह. व जिला बदायूं.....................प्रतिवादीगण

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत धारा 116 रा. स. के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 29.01.2025 को ववक्त 10 बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील जो हालात मुकदमा में कार्यवाही से वाकिफ किया गया हाजिर हो और जबाबदेही दावा की करें। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप व ताईद उस पर जबाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते है। फिर किसी की आपत्ति न सुनी जावेगी और आवेदन के संबंध में यथोचित आदेश पारित कर दिया जायेगा। आज दिनांक 20.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत के जारी किया गया।

न्यायालय की आज्ञा से

पेशकार

न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय, बदायूं।

# जननी सुरक्षा योजना में समय से करें लाभार्थियों को भुगतान: सीडीओ

## समुचित टीकारण में मंडल में बदायूं प्रथम स्थान पर



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपलब्ध संसाधनों का पूर्ण उपयोग करने के लिए कहा। उन्होंने ई-संजीवनी टेली कंसल्टेशन में कम प्रगति पर आठ ब्लॉक के मेडिकल ऑफिसर से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए। 891 ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समितियों द्वारा उपकरण क्रय न करने पर नाराजगी व्यक्त की। सीएमओ ने 10 फरवरी को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस तथा 30 जनवरी से 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान को सफल बनाने को कहा।

मुख्य विकास अधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना में समय से लाभार्थियों को भुगतान करने के लिए कहा। जनपद में 47496 लाभार्थियों में से 43024 को भुगतान हो पाया है जबकि 4472 को भुगतान नहीं हो पाया है। उन्होंने संस्थागत प्रसव में सिजेरियन प्रसवों की संख्या बढ़ाने के लिए कहा। उन्होंने कार्य के सही निष्पादन के लिए माइक्रो प्लान बनाकर कार्य करने के लिए कहा।

सीडीओ ने कहा कि जनपद के आकांक्षात्मक ब्लॉकों में संचालित स्वास्थ्य केंद्रो पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। जनपद में गठित 1302 ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समितियों में से 411 द्वारा ही उपकरण क्रय करने पर उन्होंने शेष 891 समितियों द्वारा उपकरण क्रय न करने पर अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए आशा व प्रधान के तीन दिन में हस्ताक्षर करवाकर उनसे उपकरण क्रय करवाने के लिए कहा।

सीडीओ ने कहा कि जो भी उपकरण आदि सामान ई-टेंडरिंग के माध्यम से क्रय किए जाने हैं, वह सभी 26 नवंबर 2024 के शासनादेश में उल्लिखित दिशा निर्देशों के क्रम में ही क्रय किए जाएं। उन्होंने बताया कि जनपद में करीब 1500 से ज्यादा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत विवाह होने हैं। इनमें से अभी तक करीब 400 विवाह ही सम्पन्न हो पाए हैं। 31 मार्च तक 1100 सामूहिक विवाह कराए जाने हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक जोड़े को शगुन किट देने के लिए भी निर्देशित किया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० रामेश्वर मिश्र ने बताया कि 10 फरवरी को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाएगा, जिसमें 01 वर्ष से अधिक व 19 वर्ष तक के सभी बच्चों व युवाओं को अल्बेंडाजोल की गोली दी जाएगी, जो बच्चे इस दिन छूट जाएंगे उनको 14 फरवरी को मॉप-अप दिवस पर दी जाएगी। गत अभियान में 93 प्रतिशत उपलब्धि रही। उन्होंने बताया कि 30 जनवरी से 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने सभी एमओआईसी को प्रचार प्रसार कराते हुए अभियान को सफल बनाने के लिए कहा। उन्होंने प्रत्येक ब्लॉक में पांच-पांच पुरुष नसबंदी कराने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि जनपद में समुचित टीकाकरण में मंडल में बदायूं का प्रथम स्थान है। बदायूँ की उपलब्धि 84 प्रतिशत है जबकि राज्य औसत 82 प्रतिशत है। उन्होंने सभी एमओआईसी से ड्यू लिस्ट बनाकर छूटे बच्चों का शत प्रतिशत टीकाकरण करने के लिए कहा।

उन्होंने आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति पर प्रकाश डालते बताया कि वर्ष 2024 में 103445 आयुष्मान कार्ड बनाए गए।

## संपादकीय

# ट्रंप से उम्मीदें और चिंताएं



अमेरिका के 47वें और सबसे बुजुर्ग राष्ट्रपति बनने जा रहे डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों को लेकर भारत समेत पूरे विश्व में उत्सुकता एवं आशंका का माहौल है। यूरोपीय विदेश संबंध परिषद ने आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से 24 देशों के नागरिकों का एक सर्वेक्षण कराया था, जिसमें भारत, चीन, पश्चिम एशिया, ब्राजील, तुर्किए और दक्षिण अफ्रीका के लोगों ने ट्रंप की सत्ता में वापसी का स्वागत किया। उनका मानना था कि ट्रंप प्रशासन उनके देशों और विश्व शांति के लिए अच्छा साबित होगा। ट्रंप की सबसे अधिक लोकप्रियता भारत में दिखी जहां 8० प्रतिशत से अधिक लोगों ने उनकी वापसी को अच्छा माना। इसके विपरीत यूरोप, दक्षिण कोरिया और ताइवान जैसे अमेरिका के मित्र देशों के लोगों ने ट्रंप की वापसी पर चिंता जताई। सर्वेक्षण से यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि अमेरिका के पारंपरिक मित्र देशों के लोग ट्रंप की बरसों पुरानी संधियों और गठबंधनों को तात्कालिक लाभ के तराजू पर तौल कर देखने की नीति को नापसंद करते हैं। अपने पिछले कार्यकाल में वह नाटो गठबंधन, दक्षिण कोरिया, जापान और ताइवान की सुरक्षा से लेकर संयुक्त राष्ट्र की विभिन्न संस्थाओं में दूसरे देशों की तुलना में अमेरिका के बड़े योगदान की उपादेयता पर सवाल उठा चुके हैं। वह उसकी कीमत तक मांग चुके हैं। ट्रंप अमेरिका की बाजार शक्ति को व्यापारिक और सामरिक सौदेबाजी का सबसे बड़ा हथियार मानते हैं और आयात शुल्क लगाने की धमकियां देते रहते हैं। उनके मित्र और शत्रु देशों के सामने सबसे बड़ी चुनौती उनकी नाटकीय अप्रत्याशितता की है जो नीति निर्माताओं के लिए बहुत बड़ा जोखिम है। इनमें अब उन्होंने कुछ और नई चुनौतियां जोड़ दी हैं।

अमेरिका का वफादार नाटो मित्र डेनमार्क इससे परेशान है कि वह उसके उत्तरध्रुवीय द्वीप ग्रीनलैंड को खरीदना चाहते हैं। पड़ोसी कनाडा इससे चिंतित है कि वह उनकी शर्तें न मानने पर उसे अमेरिका का 51वां राज्य बनने पर विवश करने की बात कर रहे हैं। मध्य अमेरिकी देश पनामा इसे लेकर डरा हुआ है कि चीनी खतरे की दलील देकर वह पनामा नहर छीनना चाहते हैं, जो उस देश की आय का प्रमुख स्रोत है।

ट्रंप के अरबपति मित्र एलन मस्क ने तो यूरोप में समाजवादी राजनीति के सफाए के लिए ब्रिटेन और जर्मनी जैसे देशों में अतिदक्षिणपंथी पार्टियों को धन से लेकर मीडिया का समर्थन देना शुरू कर दिया है। जापान, दक्षिण कोरिया और ताइवान इस असमंजस में हैं कि उनकी सुरक्षा की न जाने कब और कितनी कीमत मांगी जाएगी। उसे देने पर भी ट्रंप चीन के साथ कब और क्या सौदा कर लें, इसकी कोई गारंटी नहीं है। ऐसी चुनौतियां भारत के समक्ष भी हैं। यद्यपि राष्ट्रपति ट्रंप चीन को अमेरिका की सबसे बड़ी आर्थिक एवं सामरिक चुनौती के रूप में देखते हैं। इसीलिए उन्होंने अपने प्रशासन में फ्लोरिडा के चीन विरोधी सीनेटर मार्को रूबियो को विदेश मंत्री और दूसरे चीन विरोधी सीनेटर माइकल वाल्ट्स को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बनाया है। संयोग से ये दोनों भारत समर्थक रहे हैं। रूबियो ने भारत-अमेरिका सैन्य-रणनीति के समझौते का प्रस्ताव सदन में रखा था और वाल्ट्स भारत काकस के अध्यक्ष रह चुके हैं।

इसलिए नए ट्रंप प्रशासन से यह उम्मीद की जा सकती है वह भारत को हिंद प्रशांत क्षेत्र में अपनी रणनीति की धुरी बनाकर चलेगा और चीनी वर्चस्व की काट में भारत का सहयोग करेगा। इस वर्ष भारत को क्वाड शिखर बैठक की मेजबानी भी करनी है जिसमें भाग लेने ट्रंप के भारत आने की उम्मीद भी है। उनका दौरा रिश्तों को और प्रगाढ़ करने में सहायक सिद्ध हो सकता है। भारत और दूसरे एशियाई देशों में ट्रंप की लोकप्रियता का एक कारण निर्णायक फैसले लेने की उनकी प्रवृत्ति भी हो सकती है।

वह इस्लामी आतंकवाद जैसे मुद्दों पर सीधी बात करते हैं, जिससे कई बार जटिल समस्याएं भी हल हो जाती हैं। गाजा में सवा साल की लड़ाई के बाद हुआ युद्धविराम उसकी एक मिसाल है। हालांकि यूक्रेन में तीन साल से चल रही लड़ाई का हल उतना आसान नहीं दिखता। फिर भी, जेलेंस्की और पुतिन के हालिया बयानों से बातचीत शुरू करने की इच्छा के संकेत मिलने लगे हैं। ट्रंप यूक्रेन की सैन्य सहायता बंद करना और रूस के प्रतिबंध हटाना चाहते हैं जिससे अमेरिका को व्यापार लाभ हो सके।

अमर भास्कर

(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

- वरिष्ठ संरक्षक : वेदभानु आर्य
- संरक्षक : हामिद अली खाँ
- संरक्षक : सुरेश प्रसाद शर्मा
- प्रधान संपादक : फरीद क़ादरी
- संपादक : अबरार अहमद
- कानूनी सला. : मुहम्मद फुरकान, एड.
- व्यवस्थापक : ठा. वेदपाल सिंह
- मैनेजर : केपी यादव
- सह-संपादक : मोहम्मद राशिद

हमारे यूट्यूब चैनल *Amar Bhaskar News* को सब्सक्राइब करें बैल आइकॉन दबाना न भूलें।
-सर्वेश उपाध्याय, मैनेजिंग एडिटर*

अगर आपके पास भी है कोई कविता, रचना, लेख, गजल एवं छंद तो हमें लिख भेजिए, हमारा पता है:-
**अमर भास्कर कार्यालय**
**निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक बदायूं (उ.प्र.)।**
**पिन कोड-2436०1**
*Email- amarbhashkar21@gmail.com*
*Whatsapp. No. 9411214614*

# जेल से चुनाव पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला



दिल्ली दंगे के आरोपित ताहिर हुसैन की ओर से चुनाव लड़ने के लिए जमानत की मांग पर सुप्रीम कोर्ट ने यह सही कहा कि ऐसे लोगों के चुनाव लड़ने पर रोक लगनी चाहिए। दुर्भाग्य से ऐसा तब तक संभव नहीं, जब तक मौजूदा कानून में बदलाव नहीं होता। इस बदलाव के लिए सरकार को पहल करनी होगी और उसे राजनीतिक दलों का समर्थन करना होगा।

कहना कठिन है कि सभी राजनीतिक दल उस कानून को बदलने के लिए तैयार होते हैं या नहीं, जो जेल में बंद लोगों को चुनाव लड़ने की अनुमति देता है। यह अनुमति इस मान्यता के आधार पर मिली हुई है कि दोष सिद्ध न होने तक हर व्यक्ति निर्दोष है। इसके चलते ही कई लोग जेल में बंद होने के बाद भी चुनाव लड़ते हैं और चुनाव प्रचार के लिए जमानत की मांग करते हैं।

इनमें वे भी होते हैं, जो गंभीर अपराध के आरोप में जेल में बंद होते हैं। विडंबना यह है कि ऐसे कई लोग चुनाव जीत भी जाते हैं, क्योंकि वे जाति, पंथ, क्षेत्र के नाम पर या फिर अपनी बेगुनाही का रोना रोकर लोगों की भावनाओं को भुनाने में समर्थ हो जाते हैं। होना तो यह चाहिए कि मतदाता अपने प्रतिनिधियों का चयन परिपक्वता से करें, लेकिन कई बार ऐसा नहीं होता। इसका प्रमाण तब मिला था, जब पिछले लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत जेल में बंद खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह ने पंजाब की खडूर साहिब सीट से जीत हासिल कर ली थी। इसी तरह टेरर फंडिंग में तिहाड़ जेल में बंद इंजीनियर रशीद ने जम्मू-कश्मीर की बारामुला सीट से चुनाव जीत लिया था। इसके बाद विधानसभा चुनाव में उसे इस आधार पर चुनाव प्रचार के लिए जमानत मिल गई थी कि वह अपने दल का प्रमुख है।

इससे बड़ी विडंबना और कोई नहीं कि जेल में बंद लोगों को मतदान करने की अनुमति तो नहीं होती, लेकिन वे चुनाव लड़ने के लिए स्वतंत्र होते हैं! चुनाव लड़ने के लिए जमानत मांग रहे ताहिर हुसैन पर हिंसा भड़काने के बेहद गंभीर आरोप हैं, लेकिन इससे सांसद असदुद्दीन ओवैसी पर कोई फर्क नहीं पड़ा।

उन्होंने सब कुछ जानते हुए भी उसे अपने दल से दिल्ली विधानसभा का उम्मीदवार बना दिया। यह समझा जाना चाहिए कि आतंक, अलगाव, दंगे और हत्या सरीखे गंभीर अपराध में लिप्त होने के आरोपितों को जेल में बंद होने के बाद भी चुनाव लड़ने की छूट मिलने से भारतीय लोकतंत्र का मान नहीं बढ़ता। इससे तो राजनीति के अपराधीकरण को ही बल मिलता है। उचित यह होगा कि संगीन आरोपों में जेल में बंद लोगों को चुनाव लड़ने से रोका जाए।

# शासन का विकेंद्रीकरण करे सरकार, प्रशासनिक सुधारों की आवश्यकता



केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आठवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दे दी है। इस पहल से 5० लाख केंद्रीय कर्मी और 65 लाख पेंशनर लाभान्वित होंगे। आयोग मौजूदा वेतन, पेंशन एवं भत्तों के ढांचे को महंगाई एवं जीवनयापन की लागत में वृद्धि जैसे वृहद आर्थिक संकेतकों की कसौटी पर कसेगा। विभिन्न हितधारकों के साथ साथ परामर्श के बाद आयोग इसका एक सुसंगत ढांचा तैयार करेगा। आयोग की अनुशंसाएं स्वीकार किए जाने के बाद कर्मचारियों के वेतन-भत्तों और पेंशन में बढ़ोतरी होगी, जिससे घरेलू उपभोग में तेजी आने के साथ ही समग्र आर्थिक को बड़ा सहारा मिलने की उम्मीद है। जहां तक वेतन आयोग की कार्यप्रणाली का प्रश्न है तो आयोग मुख्य रूप से मूल वेतन एवं महंगाई भत्ते को नए वेतन ढांचे के साथ जोड़कर देखता है और फिर उसमें वास्तविक बढ़ोतरी को जोड़ता है। इस वास्तविक बढ़ोतरी को फिटमेंट फैक्टर कहते हैं। फिटमेंट फैक्टर में महंगाई का दायरा, कर्मियों की जरूरतें एवं वित्तीय बोझ को उठाने की सरकार की क्षमता जैसे पहलू होते हैं। सातवें वेतन आयोग में आधिकारिक बढ़ोतरी 14.2 प्रतिशत हुई थी, जो संभव है कि उतनी अधिक न लगे, मगर जब इसमें आवास भत्ते यानी एचआरए जैसे अन्य पहलुओं को जोड़ें तो यह काफी अधिक दिखेगी, क्योंकि उसका आकलन नए एवं ऊंचे मूल वेतन के आधार पर किया जाता है। पेंशनरों को भी फिटमेंट फैक्टर का लाभ मिलता है और नए सिरे से आकलन में उनकी पेंशन खासी बढ़ जाती है। परिणामस्वरूप सरकारी खजाने से खर्च उसकी तुलना में काफी अधिक बढ़ जाता है, जितना प्रथमदृष्टया दिखता है। सातवें वेतन आयोग में वेतन बढ़ोतरी से सरकारी खजाने पर वास्तविक बोझ 24 प्रतिशत बढ़ा था।

आठवें वेतन आयोग से भी सरकारी खजाने पर बोझ बढ़ने के आसार हैं, क्योंकि सरकारी व्यय का एक बड़ा हिस्सा पहले से ही वेतन-भत्तों और पेंशन पर खर्च हो रहा है। हालांकि अंतिम रूप से किस वेतनमान पर सहमति बनती है, यह तो राजनीतिक विवेक पर निर्भर होगा, क्योंकि कर्मचारियों की अपेक्षाओं और सरकारी खजाने के बीच संतुलन साधने की चुनौती होगी। इसके बावजूद आसार यही हैं कि आठवें वेतन आयोग में सातवें जितनी वेतन बढ़ोतरी नहीं होगी।

ऐसा इसलिए, क्योंकि एक तो मुद्रास्फीति अपेक्षाकृत नरम है और पिछली बार की तरह पुराने पेंशनरों को एकमुश्त लाभ के दोहराव की उम्मीद कम है, फिर भी नए वेतनमान में मौजूदा की तुलना में खर्च 2० प्रतिशत तक बढ़ सकता है, जिससे देश के आर्थिक उत्पादन में आधे प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हो सकती है। यह तो निश्चित है कि इसके बाद कर्मचारियों की क्रय शक्ति बढ़ेगी। हालांकि इससे केंद्रीय बजट पर बोझ भी बढ़ेगा। खासतौर से तब जब सरकार पहले से ही सामाजिक कल्याण एवं विकास कार्यक्रमों पर काफी खर्च कर रही है। आठवां वेतन आयोग लागू होने के बाद बाद राज्य सरकारों पर भी वेतन बढ़ोतरी का दबाव बढ़ेगा।

यह अच्छी बात है कि सरकार वेतन बढ़ोतरी की दिशा में आगे बढ़ रही है, लेकिन यह भी उतना ही आवश्यक है कि वह अपने ढांचे को सुसंगत एवं सुगठित बनाए। यह न्यूनतम सरकार और अधिकतम शासन वाली संकल्पना को साकार करने का एक बढ़िया अवसर है। केंद्र सरकार अपने कर्मियों का दायरा घटाकर नगरीय निकायों और पंचायतों के स्तर पर स्थानीय शासन ढांचे को सशक्त बनाने पर जोर दे। ये स्थानीय संस्थाएं बिजली, पानी, सड़क और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं को बेहतर तरीके से चिह्नित कर उन्हें प्रभावी रूप से प्रदान करने में कहीं अधिक सक्षम हो सकती हैं।

शासन-प्रशासन के विकेंद्रीकरण की पहल से सरकार सार्वजनिक सेवाओं की गुणवत्ता एवं गति बढ़ाने के साथ ही उन्हें और अधिक जवाबदेह बना सकती है। इसके लिए न केवल केंद्र से राज्यों और राज्यों से स्थानीय निकायों को जिम्मेदारियों का भार सौंपना होगा, बल्कि भीमकाय सरकारी ढांचे को भी चुस्त-दुरुस्त बनाना होगा। इसका अर्थ होगा कि कई विभागों का आकार घटाया जाए और एक जैसे विभागों का विलय किया जाए। इससे कार्यों में दोहराव नहीं होगा और सभी अपने एजेंडे की पूर्ति में ही ऊर्जा, समय एवं संसाधन लगाएंगे। इससे एक दूसरे के काम में खलल डालने की परिपाटी भी बंद होगी और शासन का ढांचा लचीला एवं प्रभावी बनेगा। जनता को भी राहत मिलेगी। नौकरशाही के अनावश्यक बोझ को घटाने की कवायद अमेरिका में बाकायदा शुरू हो गई है। दूसरा कार्यकाल संभालने से पहले ही राष्ट्रपति ट्रंप ने एलन मस्क और विवेक रामास्वामी के नेतृत्व में डिपार्टमेंट आफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी का गठन कर अपने इरादे जाहिर कर दिए हैं। ट्रंप ने अनावश्यक सरकारी खर्च को घटाने के लिए एक समयसीमा भी दी है। इस कवायद में संघीय, राज्यीय एवं स्थानीय शासन के ढांचे में उन पहलुओं को चिह्नित करना शामिल है जिससे पता चले कि किसी स्तर पर कार्य में दोहराव तो नहीं हो रहा। इसके जरिये पुराने ढर्रे वाली व्यवस्था से मुक्ति दिलाना भी शामिल है। उक्त विभाग आधुनिक तकनीक के प्रयोग एवं निजी क्षेत्र के सहयोग से ऐसे सरकारी ढांचे के निर्माण को बल देना चाहता है।

## खेल-खिलाड़ी

# मोहम्मद शमी की वापसी पर रहेंगी नजरें, वॉशिंगटन और नीतीश में से किसे मिलेगा मौका?



**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच बुधवार को कोलकाता के ईडन गार्डेस पर पांच मैचों की सीरीज का पहला टी2० मुकाबला खेला जाएगा। इस मैच से अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी भारतीय टीम में वापसी करेंगे जो वनडे विश्व कप 2०23 के बाद से टीम से बाहर चल रहे थे। शमी ने घरेलू क्रिकेट में खेलकर अपनी मैच फिटनेस साबित की है और अगर सबकुछ योजना के अनुसार रहा तो शमी का प्लेइंग-11 में जगह बनाना पक्का है। टी2० प्रारूप में भारत को हराना किसी भी टीम के लिए आसान नहीं होता है। हालांकि, भारतीय टीम के खिलाफ इस प्रारूप में जीत हासिल करने में इंग्लैंड का कोई तोड़ नहीं है। शीर्ष टीमों में इंग्लैंड ऐसी टीम है जिसका भारत के खिलाफजीत प्रतिशत सबसे ज्यादा है। इंग्लैंड ने 24 में से 11 बार भारतीय टीम के खिलाफ जीत दर्ज की है और उसका जीत प्रतिशत 45.8० प्रतिशत है जो अन्य टीमों के मुकाबले सबसे ज्यादा है। वहीं, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड का जीत का प्रतिशत भी भारत के खिलाफबेहतर है। ओवरऑल बात करें तो किसी भी टीम के लिए भारत को उसकी जमीन पर हराना आसान नहीं है। टी2० में भारत पिछले कुछ समय से अजेय चल रहा है। कोलकाता का ईडन गार्डेस कई ऐतिहासिक जीत का गवाह रहा है और टी2० में यह भारत के लिए लकी ग्राउंड है। भारत ने इस मैदान पर अबतक सात टी2० अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं जिसमें छह में उसे जीत मिली है, जबकि एक मैच गंवाया है। दिलचस्प बात यह है कि भारत को इस मैदान पर एकमात्र टी2० हार इंग्लैंड से ही मिली है। इंग्लैंड ने 2०11 में खेले गए मैच में भारत को हराया था। सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली टीम के पास अब इंग्लैंड को हराने का अवसर रहेगा।

पिछले साल टी2० विश्व कप में खिताब जीत के बाद इस प्रारूप में टीम में कई बदलाव हुए हैं। रोहित शर्मा और विराट कोहली के टी2० अंतरराष्ट्रीय से संन्यास और शुभमन गिल के बाहर रहने से शीर्ष क्रम बदला नजर आया है। पिछले कुछ सीरीज से संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा ओपनिंग करने उतर रहे हैं और इंग्लैंड के खिलाफभी यही जोड़ी पारी का आगाज करने उतर सकती है। वहीं, कप्तान सूर्यकुमार यादव तीसरे और तिलक वर्मा चौथे स्थान पर उतरते दिखाई दे सकते हैं जैसा पिछले साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी टी2० सीरीज में देखने मिला था।

मौजूदा भारतीय टीम में अनुभवी खिलाड़ियों के साथ-साथ कई युवा खिलाड़ी भी हैं। बल्लेबाजी क्रम में स्थिति काफी हद तक स्पष्ट है, लेकिन गेंदबाजी में कई विकल्प मौजूद हैं। ऐसे में सही संयोजन चुनना टीम प्रबंधन के लिए चुनौती होगी। शमी के साथ अर्शदीप सिंह तेज गेंदबाजी का जिम्मा संभालेंगे। स्पिनर के तौर पर टीम के पास अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती और रवि बिश्नोई हैं। वरुण कोलकाता की पिच से अच्छी तरह परिचित हैं।

# सूर्यकुमार ने बोली बंगाली, पूछा अर्शदीप सिंह का हाल



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम बुधवार से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की टी2० सीरीज के लिए पूरी तरह तैयार है। दोनों टीमों के बीच कल पहला टी2० मैच खेला जाएगा। भारतीय टीम इस सीरीज के लिए शनिवार को ही कोलकाता पहुंच गई थी जहां टीम को तीन दिन तक ट्रेनिंग कैंप में हिस्सा लेना था। भारतीय टीम की कमान सूर्यकुमार यादव संभालेंगे जिनका ईडन गार्डेस से पुराना नाता है क्योंकि वह लंबे समय तक आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स का हिस्सा रहे हैं। सूर्यकुमार ने 2०12 से अपने आईपीएल करियर की शुरुआत की थी, लेकिन उन्होंने उस सीजन मुंबई इंडियंस के लिए सिर्फ एक ही मैच खेला था। इसके बाद मुंबई ने सूर्यकुमार को रिलीज कर दिया था और 2०14 में वह केकेआर के साथ जुड़े। सूर्यकुमार के पहले ही सीजन में केकेआर ने गौतम गंभीर की कप्तानी में आईपीएल का खिताब जीता। सूर्यकुमार चार साल तक केकेआर से जुड़े रहे और 54 मैचों में 6०8 रन बनाए, लेकिन उनके ज्यादातर स्कोर निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए आए। अब सूर्यकुमार इस मैदान पर भारतीय टीम की कमान संभालते दिखेंगे। इंग्लैंड के खिलाफपहले मैच से पूर्व भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सूर्यकुमार का एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वह टीम की कमान संभालने से लेकर ईडन गार्डेस में खेलने के अपने अनुभव पर बात कर रहे हैं। सूर्यकुमार ने वीडियो में कहा, शमुझे तो लगा था तू बोलेगा केमोन आचो (कैसे हो), जैसे पाजी को देकर याद आया, पाजी भालो (सही हो)। इस पर अर्शदीप ने भी कप्तान को बांग्ला में जवाब दिया, भालो आची (अच्छा हूं)। फिर सूर्यकुमार ने कहा कि पाजी भी बांग्ला सीख गए हैं और हमने अच्छी-अच्छी चीजें सीखी हुई हैं। कोलकाता में वापस खेलने पर सूर्यकुमार ने कहा, जब मैं उस समय आया था तो लोगों ने भर-भरकर मीठा दही खिलाया था। वो मैंने कोलकाता में खाया था और आज भी हम जब यहां आते हैं तो एक बार सोचते हैं कि हल्का सा अपने मील में दही को रख सकें। जब आप यहां आते हैं तो अच्छा लगता है और कोलकाता में अच्छा मौसम भी है। दोनों टीम की तरफसे शानदार खेल भी होगा तो अच्छा है। सूर्यकुमार ने मजेदार अंदाज में कहा, ऐसा है कि अभी भी युवा ही हूं मैं, दिले से और दिमाग से। मुझे याद है 2014 में जब मैं केकेआर में आया था, तब से आज तक यानी 1०-11 बाद यह नहीं सोचा था कि कभी भारतीय टीम की कमान संभालूंगा।

# झील में पहली बार दिखे पलाश फिश ईगल के दो जोड़े

**देहरादून।** डसर्दी के मौसम में आसन रामसर साइट की झील पर उड़ान भरने वाला पलाश फिश ईगल नामक पक्षी इस बार पक्षी प्रेमियों के लिए सौगात लेकर आया है। आसन के इतिहास में पहली बार ईगल के दो जोड़े पक्षी गणना के दौरान स्पॉट किए गए हैं। बताते चलें कि पलाश फिश ईगल को समुद्री ईगल के रूप में जाना जाता है और यह विश्व की अत्यंत दुर्लभ प्रजाति में आता है। आसन रामसर साइट में सर्दी का मौसम शुरू होते ही साइबेरिया समेत, यूरोप, ईरान, ईराक, अफगानिस्तान के अलावा उच्च हिमालयी क्षेत्रों से भारी संख्या में पक्षी प्रवास के लिए पहुंचते हैं। इस दौरान पलाश फिश ईगल भी रामसर साइट की शान बनकर क्षेत्र के आसमान में उड़ान भरता दिखाई देता है। लेकिन, इसकी संख्या दो से अधिक कभी नहीं देखी गई। ऐसा पहली बार है कि रामसर साइट में इस बार पक्षी के दो जोड़े दिखाई दिए हैं। वन विभाग के पक्षी विशेषज्ञ व वन दरोगा प्रदीप सक्सेना ने बताया कि पक्षी गणना में टीम ने ईगल के दो जोड़े स्पॉट किए हैं। उन्होंने बताया कि यह पक्षी प्रेमियों के लिए उत्साह का विषय है कि इनकी संख्या में बढ़ोतरी हुई है। पलाश फिश ईगल को विश्व का अत्यंत दुर्लभ प्रजाति का पक्षी माना जाता है। बताते चलें कि इस प्रजाति के मात्र 2500 पक्षी ही विश्व स्तर पर गिने गए हैं।



ईगल के शरीर की बनावट की बात की जाए तो यह 84 सेमी तक लंबा होता है, और इसके पंखों का फैलाव करीब 215 सेमी तक हो सकता है। मादा पक्षी का वजन करीब तीन और नर का वजन करीब सात किलो तक होता है। पलाश फिश ईगल का आसन क्षेत्र में आने वाला जोड़ा वर्षों से रामपुर मंडी स्थित वन आरक्षी प्रशिक्षण संस्थान के जंगल में मौजूद एक ऊंचाई वाले पेड़ पर अपना घोंसला बनाता रहा है। लेकिन चार साल पहले जोड़ा आसन नहीं आया था। इसके दो साल बाद एक पक्षी आसन क्षेत्र में दिखाई दिया और इसके बाद से यह एक जोड़ा निरंतर प्रवासी पक्षियों की आमद के साथ क्षेत्र में उड़ान भरता दिखाई देता रहा है।

# बोर्ड परीक्षा में आधे प्रश्न का उत्तर सही होने पर भी देने होंगे अंक



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से मार्च में दसवीं और जमा दो की बोर्ड परीक्षाएं संचालित की जाएंगी। बोर्ड की ओर से प्रश्नपत्रों के पैटर्न में बदलाव किया गया है। बदले गए पैटर्न के तहत शिक्षकों को अब परीक्षार्थी के माध्यम से दिए गए आधे प्रश्न का जवाब सही होने पर भी अंक देने होंगे। बोर्ड की ओर से दसवीं और जमा दो के लिए 60 फीसदी स्टैप वाइज प्रश्नों को भी शामिल किया जा रहा है। शिक्षक की ओर से पहले उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन के दौरान आधा जवाब सही होने पर अंक नहीं मिल पाते थे, लेकिन अब शिक्षकों को परीक्षार्थी का आधे सही जवाब के भी अंक देने होंगे। इसके साथ ही बोर्ड की ओर से मार्च में होने वाली दसवीं और जमा दो के शैक्षणिक सत्र 2024-25 की परीक्षाओं की तैयारी जोरों से चल रही है। प्रश्न पत्र तैयार हो रहे हैं और जल्द ही परीक्षा केंद्र भी निर्धारित कर दिए जाएंगे। इस बार बोर्ड की ओर से प्रश्नपत्रों में 20 फीसदी बहुविकल्पीय यानी एमसीक्यू प्रश्न पूछे जाएंगे। बहुविकल्पीय प्रश्नों के जवाब देने के लिए उत्तरपुस्तिकाओं के प्रथम पृष्ठ पर विशेष स्थान उपलब्ध करवाया जाएगा। प्रश्नों के जवाब ओएमआरशीट पर देने होंगे। बोर्ड की ओर से ओएमआर शीट पर किए बदलावों के अनुसार बहुविकल्पीय सवालों के जवाबों की असेसमेंट स्कैनर से की जाएगी। परीक्षार्थियों को ओएमआरशीट पर बहुविकल्पीय प्रश्नों के जवाब कैसे देने हैं यह जानकारी परीक्षा केंद्रों में तैनात शिक्षक उन्हें बताएंगे। बोर्ड की ओर से बदलाव राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत किया जा रहा है। ओएमआर शीट पर भी बदलाव किए गए हैं। पहले पृष्ठ पर ही दसवीं और जमा दो के परीक्षार्थियों को प्रश्नों के जवाब देना होगा, इसके बाद प्रश्नों की असेसमेंट स्कैनर से की जाएगी। वहीं, राज्य मुक्त विद्यालय की आठवीं, दसवीं और जमा दो कक्षाओं के परीक्षार्थियों को भी बहुविकल्पीय प्रश्नों का जवाब ओएमआर सीट में ही देना होगा।

# पम्पलेट लगाये जाने हेतु संबंधितों को निर्देश




**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**कासगंज।** जिलाधिकारी मेधा रूपम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु की बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में उपायुक्त उद्योग चन्द्रभान भास्कर ने जिलाधिकारी को एजेण्डा को पढते हुये विगत बैठक में लिये गये निर्णय के अनुपालन व कार्यवृत्त प्रेषण की पुष्टि, जनपद में नये ओद्योगिक आस्थान विकसित करने के सम्बन्ध में विचार-विमर्श, निवेश मित्र पोर्टल पर ऑनलाइन लम्बित आवेदन पत्रों की समीक्षा, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान में पूजी निवेश को आकर्षित करने हेतु प्रति वर्ष 01 लाख नई सूक्ष्म इकाइयाँ स्थापित किये जाने के लक्ष्य के साथ मिशन मोड में आगामी 10 वर्षो की समयावधि में कुल 10 लाख नई सूक्ष्म इकाई स्थापित किये जाने के महत्वपूर्ण उददेश्य की पूर्ति हेतु उत्तर प्रदेश के शिक्षित व प्रशिक्षित युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर नये सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में रोजगार सृजन हेतु एक महत्वाकांक्षी योजना है योजना के अन्तर्गत जनपद कासगंज में 700 लाथार्थियों का लक्ष्य प्राप्त है जो कि 24 जनवरी 2025 तक 175 लाभार्थियों को ऋष्ण वितरण कराये जाने का लक्ष्य निर्धारित है जिसमें जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को दिये निर्देश लक्ष्य को पूर्ण किया जाये। एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण योजना का प्रगति समीक्षा, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनान्तर्गत प्रगित समीक्षा, उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के दौरान शासन स्तर से हस्ताक्षरित हुए एमओयू को धरातल पर लाने के लिए उद्योग बन्धुओं से विचार विमर्श, बैठक में सभी विभागों को निवेश मित्र पोर्टल पर आवेदन लम्बित न रखने के निर्देश दिये गये। जनपद के विभिन्न 14 विभागों के 79 एमओयू हस्ताक्षरित हुये है जिनमें रुपये 817.17 करोड़ पूॅजी निवेश एवं 2730 रोजगार सृजन प्रस्तावित है।

# नोटों का हार लूटने वाले आरोपी गिरफ्तार

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर में बुध बाजार पुलिस चौकी के सामने दुकान से नोटों का हर लूटने वाले 11-12वीं के छात्र निकले, घर से मिली स्कूल की फीस इन छात्रों ने पार्टी में उड़ा दी, इसके बाद स्कूल की फीस जमा करने के लिए पैसे लूटने के लिए निकल पड़े। पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ लिया है। इनमें से एक नाबालिग है, जबकि तीसरे की पुलिस तलाश में जुटी है। तीनों आरोपी मुरादाबाद की लाइन पार एरिया के रहने वाले हैं। पुलिस ने गिरफ्तार किये छात्रों के कब्जे से लूट की रकम के 5000 भी बरामद किए हैं। बता दें कि रविवार को बुध बाजार में बाइक सवार तीन युवकों ने एक दुकान से नोटों के हर लूट लिए थे। हार में 10000 के नोट लगे थे, लुटेरों ने इस वारदात को भोलनाथ कॉलोनी डबल फाटक निवासी हिमांशु यादव की दुकान पर अंजाम दिया था, दुकानदार ने 'अमर भास्कर' को बताया कि लूटी गई माला में 100-100 के 100 नोट लगे थे। हिमांशु ने नोटों की माला खींचकर भाग रहे लुटेरों का पीछा किया था। बाइक पर पीछे बैठे युवक का बैग छीन लिया था। इस बैग से एक रजिस्टर और एक मोबाइल फोन भी मिला था। जिसे दुकानदार ने पुलिस को सौंप दिया, रजिस्टर और मोबाइल फेन से हार लूटने वालों के बारे में पुलिस को जानकारी मिल गई थी ठीक इसी तरह की खबरदार शुक्रवार को पाकबडा में हुई थी। वहां भी बाइक सवार लुटेरे दुकान से नोटों का हर लूट ले गए थे।कोतवाली पुलिस का कहना है कि इस मामले में पुलिस ने हितेश कुमार सिंह पुत्र निखिल भारती निवासी गली नंबर 6 प्रेम नगर लाइन पार थाना मझोला और उसके एक नाबालिग साथी को गिरफ्तार किया है।



## सार-संक्षेप

### नेशनल पैरा चौंपियनशिप में रिंकू और अवधेश ने जीते पदक



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** बहजोई कलेक्ट्रेट स्थित मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दिव्यांग पैरा खिलाड़ी रिंकू शर्मा ब अवधेश कुमार को नेशनल पैरा आर्म रैसलिंग चौंपियनशिप में पदक जीतने पर सम्मानित किया गया जिला ओलंपिक सचिव आशु शर्मा ने बताया कि नेशनल पैरा आर्म रैसलिंग चौंपियनशिप चौंपियनशिप 18 जनवरी से 19 जनवरी तक मध्य प्रदेश के ग्वालियर में स्थित अटल बिहारी वाजपेई पैरा इंटरनेशनल स्टेडियम में आयोजित हुई थी नेशनल पैरा आर्म रैसलिंग चौंपियनशिप पीपल्स आर्म रेसलिंग फेडरेशन ऑफइंडिया द्वारा आयोजित की गई थी।

उक्त चौंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की ओर से चंदौसी के रहने वाले रिंकू शर्मा व अवधेश कुमार ने 70 किलोग्राम भार वर्ग में प्रतिभा किया था रिंकू शर्मा ने दिव्यांग की कैटेगरी मुखवधिर में प्रतिभाग करते हुए राइट हैंड से गोल्ड ब लेफ्ट हैंड से सिल्वर मेडल जीता और अवधेश कुमार ने दिव्यांग की 70 किलो भार वर्ग की नेत्रहीन कैटेगरी में राइट हैंड से ब्रॉन्ज ब लेफ्ट हैंड से सिल्वर मेडल जीता। दोनो खिलाड़ियों ने नैशनल पैरा आर्म रेसलिंग चौंपियनशिप में मेडल जीत कर प्रदेश और जनपद का नाम रोशन किया इनके साथ टीम कोच ब मेंटर अजय कुमार मिश्रा ब राजेंद्र कुमार शर्मा भी साथ गए थे जनपद वापसी पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दोनो खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी माधवी पांडे ,जिला युवा कल्याण विभाग से बी.ओ विनीत सिद्धू ब महिला चाइल्ड वेलफेयर सोसायटी से नीलम राय, डीआरडीओ विभाग से सुरेश कुमार आदि अधिकारीगण मौजूद रहे।

### एआरटीओ ने किए विभिन्न स्कूली वाहनों को चेक



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**कासगंज।** शीतकालीन अवकाश के पश्चात नर्सरी से कक्षा आठ तक के विद्यालयों में पुनः कक्षाओं का संचालन शुरू हो गया है। इसी क्रम में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 अभियान के अंतर्गत सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कासगंज आर पी मिश्र ने विभिन्न स्कूली वाहनों का निरीक्षण किया।

इस कार्यवाही में आवश्यक प्रपत्रों के अभाव एवं विभिन्न अभियोगों में पांच स्कूली वाहनों का चालान कर एक वाहन को संबंधित थाने में निरुद्ध किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर स्कूली वाहनों के अतिरिक्त विभिन्न अभियोगों में 45 अन्य वाहनों का चालान कर कार्यवाही की गई। इस दौरान फिटनेस, परमिट, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र एवं चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस जैसे महत्वपूर्ण प्रपत्रों की जांच की गई।

# केक काटकर मनाया गया संस्था का छठा स्थापना दिवस



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**गवाँ।** कस्बा गवाँ में आयुष्मान सेवा फाउंडेशन सामाजिक संस्था का 6 वाँ स्थापना दिवस मनाया गया, जिसमें मुख्य रूप से चौकी प्रभारी गवाँ मोहित कुमार एवं पूर्व नगर अध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल ने केक काटकर स्थापना दिवस की सभी को शुभकामनाएं दीं। संस्था के फाउंडर मेंबर अखिलेश अग्रवाल ने बताया कि आयुष्मान सेवा फाउंडेशन पिछले 6 वर्षो से नि-सहाय एवं निर्धन व्यक्तियों की मृत्यु होने पर उनकी मृत्यु होने पर अंतिम संस्कार करने की जिम्मेदारी निभाती आ रही है। संस्था ने अनगिनत समाज सेवाएं की है।

# भारतीय किसान यूनियन असली ने की बैठक



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) असली की आवश्यक बैठक शंकर स्कूल के पीछे पार्क में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता हाजी महबूब ने की। बैठक में उपस्थित पदाधिकारीयों को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. हरपाल सिंह ने कहा कि एम एसपी गारण्टी कानून, स्वामीनाथन की सिफारिश पर फसलों के भाव आदि को लेकर हरियाणा-पंजाब के खनौरी व शम्भू बार्डर से चल रहे किसान आन्दोलन में केन्द्र की मोदी सरकार की हठधर्मिता के विरोध मे (गैर राजनीतिक) के कन्वीनर 70 वर्षीय किसान नेता सरदार जगजीत सिंह दल्लेवाल 26 नवम्बर 24 से किसानों की आर्थिक आजादी के लिए लोकतांत्रिक देश में आर-पार की जंग के लिए मरण-व्रत कर रहे हैं ।

सरदार जगजीत सिंह दल्लेवाल जिस हौसले और ईमानदारी के साथ किसानों की आर्थिक आजादी की जंग लड़ रहे हैं वह वाकई प्रशंसनीय और ऐतिहासिक है। यह जंग हरियाणा-पंजाब के किसान की नहीं वल्कि पूरे देश के किसान की है और इस जंग को हर घर तक पहुंचना हमारी जिम्मेदारी है इसके लिए एक जन जागरण अभियान चलाया जाय। बैठक में गणतंत्र दिवस के अवसर पर मंडी समिति सम्भल से किसानों की उपरोक्त मांगों के समर्थन में अपर जिलाधिकारी सम्भल के कार्यालय तक ट्रेक्टर मार्च 26-01-25 को निकाला जायगा और 02-फरवरी 25 को हापुड में भारतीय किसान यूनियन (असली) की महापंचायत होगी । बैठक में आशक रजा, जयवीर सिंह यादव, जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव, चंद्रकेश यादव, ऋषि पाल सिंह यादव मोरध्वज यादव,बिशनपाल यादव, मौ0 वारिस, मौ. सुलेमान, राहिद अली, नबाब सिंह, ओमप्रकाश राणा, गंगाफल यादव, किशनपाल सिंह, नवित चौधरी, चौधरी अर्जुन सिंह, पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रभारी चौ0 संजीव गांधी आदि उपस्थित हुए।

# सात विभागों को भेजा आचार संहिता उल्लंघन का नोटिस

**उत्तराखंड।** निकाय चुनाव के मद्देनजर सात विभागों, संस्थाओं को आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में निर्वाचन आयोग ने नोटिस जारी किया है। वहीं, सभी जिलाधिकारियों को ध्वनि प्रदूषण, सरकारी संपत्ति विरूपण रोकने को लेकर भी सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार ने बताया कि प्रदेशभर से तमाम मामलों में विभागों ने आचार संहिता के मद्देनजर अनुमतियां मांगी थीं। इनमें से जो जरूरी थीं, वे अनुमतियां दे दी गईं। तमाम प्रस्तावों को रद्द भी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सात विभागों, संस्थाओं को आचार संहिता उल्लंघन का नोटिस जारी किया गया है। इनमें से तीन से अपना जवाब भी भेज दिया है, जिसका परीक्षण कराया जा रहा है। सभी जवाब आने के बाद नियमानुसार आयोग अपना निर्णय लेगा। आयुक्त सुशील कुमार ने बताया कि कई निकायों में ध्वनि प्रदूषण जैसी शिकायतें भी आ रही थीं। इसके मद्देनजर जिलाधिकारियों को ध्वनि प्रदूषण रोकने, सरकारी संपत्तियों पर प्रचार सामग्री लगाने वालों पर संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। जहां भी जरूरी होगा, वहां आयोग संज्ञान लेकर कार्रवाई करेगा। प्रदेश में डाक मतपत्रों से मतदान की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। मेयर, नगर पालिका, पंचायत अध्यक्ष के लिए 4196, पार्षद व वार्ड सदस्यों के लिए 4142 डाक मतपत्र जारी किए गए थे। यह मतपत्र चुनाव में लगे कर्मचारियों, सुरक्षा बलों में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों के लिए हैं। निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि सोमवार तक प्रदेशभर में 1771 डाक मतपत्र लौटकर आ चुके हैं। अभी प्रक्रिया जारी है।



# हत्या के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** पुलिस ने प्रॉपर्टी डीलर की हत्या में वांटेड चल रहे, कांग्रेस पार्षद शकील अहमद उर्फ अंडा को गिरफ्तार कर के जेल भेज दिया है, प्रॉपर्टी डीलर के मर्डर के बाद कांग्रेस पार्षद दिल्ली में जा छुपा था। पुलिस की टीम उसे जाफराबाद दिल्ली से पकड़ कर लाई और कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया। एसपी सिटी रणविजय सिंह ने अमर भास्कर को बताया, प्रॉपर्टी डीलर यूसुफकी हत्या के मामले में पुलिस अभी तक सात आरोपियों जेल भेज चुकी है। मुरादाबाद के नागफनी थाना क्षेत्र में दौलत बाग में 15 नवंबर 2024 को प्रॉपर्टी डीलर यूसुफ की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई थी। यूसुफने अपने दोस्त दिलशाद की पत्नी से निकाह कर लिया था। उसके बाद से ही दिलशाद और यूसुफ के बीच झगड़ा शुरू हो गया था। वारदात के वक्त युसूफ कब्रिस्तान में अपने पिता की कब्र पर फातिहा पढ़ने गया था, तभी दिलशाद ने अपने साथियों के साथ मिलकर उस पर हमला बोला और छुरा घोंपकर यूसुफ की हत्या कर दी थी। इस वारदात में कांग्रेस पार्षद शकील अहमद उर्फ अंडा की भी शामिल होने के आरोप लगे थे। यूसुफ के भाई मोहसिन ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने दौलत बाग निवासी शाहनवाज, दिलशाद, सरफराज, इकराम,एहसान और शमशाद को गिरफ्तार कर लिया था। लेकिन मुकदमे में नामजद वार्ड 50 का कांग्रेस पार्षद शकील अहमद उर्फ अंडा तभी से फरार चल रहा था।



# एयरपोर्ट के रनवे पर पकड़ा गया तेंदुआ

**अमर भास्कर ब्यूरो,**

**मुरादाबाद।** एयरपोर्ट के रनवे से तेंदुआ पकड़ा गया है, पिछले 20 दिनों से एयरपोर्ट के आसपास तेंदुआ देखा जा रहा था। एक दिन पहले तेंदुए ने ड्यूटी पर तैनात एसएसएफ और क्यूआरटी के जवानों पर झपट्टा भी मारा था। उन्होंने इसकी सूचना वन विभाग की टीम को भी दी थी, जिसके बाद वन विभाग की टीम ने तेंदूए को पकड़ने के लिए पिंजरा और जाल बिछाया था। मंगलवार को तेंदुआ पिंजरे के पास आया उसके बाद जाल में फंस गया। वन विभाग की टीम उसे अपने साथ ले गई है। एयरपोर्ट अधिकारियों ने अमर भास्कर को बताया 1 जनवरी को एयरपोर्ट की रनवे पर पहली बार रात में तेंदुए को देखा गया था। उसके बाद से लगातार उसकी आवाजाही बनी हुई थी, मंगलवार को तेंदुए ने ड्यूटी पर तैनात जवानों पर हमला किया था। जिसमें वह बाल बाल बचे थे। इसके बाद से एयरपोर्ट स्टाफ में दहशत का माहौल था। कर्मचारी डरते हुए ड्यूटी कर रहे थे। तेंदुआ पकड़े जाने की सूचना मिलने पर एयरपोर्ट और उसके आसपास रहने वाले लोगों की भीड़ जमा हो गई, लोगों को देखकर तेंदुआ गुर्राने लगा।



# कंबल वितरण को लेकर सभासद वह नगर पालिका अध्यक्ष आमने-सामन

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिले के आंवला नगर पालिका के वार्ड नंबर 10 के सभासद सुनील यादव ने शिकायत करते हुए बताया कि उनके मोहल्ले की कई महिलाओं को कूपन तो वितरण कर दिए गए मगर कूपन मिलने के बावजूद भी उन महिलाओं को नगर पालिका की ओर से कंबल वितरण नहीं किया गया जिसको लेकर उन्होंने नाराज की जताई थी तहसील समाधान दिवस में शिकायत करने की बात कही थी बातचीत के दौरान सभासद सुनील यादव ने बताया कि हमें नगर पालिका से 80 कूपन मिले थे जिसे लगभग 15 से अधिक महिलाओं को कंबल नहीं मिले हैं बाकी को मिल चुके हैं यह बुजुर्ग महिला के कारण कंबल नहीं ले पाई थी जब वह बाद में पहुंची तो उन्हें एक-एक दिन का कहकर टहला दिया गया और उसके बाद कंबल खत्म हो गए कह दिया गया जबकि उन्होंने वह कमल अपने चाहते लोगों को दिए गए वहीं जब नगर पालिका अध्यक्ष सैयद आबिद अली से बात की गई तो उन्होंने कहा कि जब हमने कूपन दिए थे और समय पर तारीख निश्चय कर दी थी फिर भी महिलाओं को लेकर क्यों नहीं पहुंचे दूसरा हम कंबल सिर्फ जिसको कूपन मिला है उसी को देंगे किसी अन्य व्यक्ति को हम नहीं देंगे इसके अलावा एक बार उन्होंने कंबल वितरण कर दिए गए थे उन्होंने उन कंबल को अपने घर पर रख लिया था इस कारण इस बार हमने इन्हें कंबल नहीं दिए कंबल वितरण को लेकर हम पर आरोप लगा रहे जो निराधार है।



# राष्ट्रपति पद संभालते ही ट्रंप ने लिए अहम फैसले

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**वाशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को अमेरिका के राष्ट्रपति पद की जिम्मेदारी संभाल ली। शपथग्रहण के ठीक बाद उन्होंने अपने दूसरे कार्यकाल के पहले ही दिन ८० से ज्यादा कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर भी कर दिए। इनमें कई आदेश पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन की ओर से बनाए गए नियमों को खत्म करने के लिए थे।



वहीं, कुछ और आदेश अमेरिका को वैश्विक संगठनों से निकालने और अमेरिकी में तय प्रणालियों को बदलने से भी जुड़े हैं। ट्रंप की तरफ से अमेरिका में नियमों को बदलने के लिए इस तेजी से कार्यकारी आदेश जारी करने के बीच यह जानना अहम है कि आखिर कार्यकारी आदेश क्या होते हैं? इन्हें कोई राष्ट्रपति कब इस्तेमाल कर सकता है? डोनाल्ड ट्रंप ने कौन-कौन से अहम कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किए हैं? इनका अमेरिका और दुनिया पर क्या असर हो सकता है? आामतौर पर राष्ट्रपति की तरफ से जारी इन आदेशों को अमेरिकी कानून और संविधान के अंतर्गत ही माना जाता है। लेकिन अगर ऐसा नहीं है तो इनके खिलाफ न्यायालयों में सुनवाई हो सकती है। इतना ही नहीं अगर संसद चाहे तो इन कार्यकारी आदेशों को खत्म करने के लिए एक कानून बना सकती है। लेकिन संसद के इस कानून को राष्ट्रपति वीटो कर सकते हैं।

डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को शपथ ग्रहण के बाद अपने भाषण में रिपब्लिकन सरकार की योजना के बारे में पहले ही काफी जानकारी दे दी थी। इसी कड़ी में उन्होंने कई कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किए हैं। इनमें कुछ प्रमुख आदेश- जन्म से नागरिकता का अधिकार खत्म करने का आदेश, विश्व स्वास्थ्य संगठन को छोड़ने का कदम, राष्ट्रीय ऊर्जा आपातकाल लागू करने की पहल और अमेरिका में सिर्फ दो लिंगों की पहचान से जुड़ा आदेश है।

आव्रजन नीति और शरणार्थियों को नागरिकता देने की नीतियों में बदलाव से जुड़े कार्यकारी आदेशों के अलावा ट्रंप का एक अहम आदेश जन्म से मिलने वाली नागरिकता खत्म करने से जुड़ा है। इसके तहत अब अवैध शरणार्थियों के बच्चों को अमेरिका में जन्म होने के बावजूद अमेरिकी नागरिकता नहीं मिल पाएगी। बच्चों के माता-पिता में कम से कम एक का अमेरिकी नागरिक या रहवासी होना जरूरी है।

## अब कोलंबिया में आपात काल लगाने की तैयारी

**कोलंबिया।** देश में जारी हिंसा को खत्म करने के लिए बागी गुट के साथ चल रही शांति वार्ता नाकाम होने के बाद राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने आपातकाल लागू करने की तैयारी कर ली है। उन्होंने एक्स पर संदेश में इसका जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हिंसा को रोकने के लिए सख्त कदम उठाएंगे। राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने कहा कि वह देश के उत्तर पूर्व में लगातार हो रहे गुरिल्ला हमलों के बाद आंतरिक उथल-पुथल की स्थिति की घोषणा करेंगे। मुझे उम्मीद है कि न्यायिक प्रणाली हमारा समर्थन करेगी। कोलंबिया के संविधान के अनुसार राष्ट्रपति और उनका मंत्रिमंडल जब डिक्री पर हस्ताक्षर कर देगा तो आपातकाल प्रभावी हो जाएगा, लेकिन इसे कोलंबिया की अदालत अमान्य कर सकती है। कांग्रेस को निलंबित करने और नागरिक अधिकारों को खत्म करने के लिए नहीं किया जा सकता है।

# जापानी टीवी चौनल ने कर्मचारी की करतूत छिपाई

**टोक्यो।** जापान में एक टीवी चौनल को अपने कर्मचारी की करतूत छिपाना भारी पड़ गया। कंपनी के कर्मचारी के यौन उत्पीड़न करने का मामला सामने आया तो 5० कंपनियों ने चौनल से अपने विज्ञापन वापस ले लिए। कंपनियों ने चौनल पर पारदर्शिता और निष्पक्षता की कमी का आरोप लगाते हुए यह कदम उठाया। दरअसल मामला फूजी टीवी कंपनी के एक टीवी होस्ट से जुड़ा है।

साप्ताहिक पत्रिका शुकन बुनशुन ने एक रिपोर्ट में कहा कि पुरुष बैंड एसएमएपी के पूर्व सदस्य और फूजी टीवी के होस्ट मासाहिरो नाकाई ने एक महिला का यौन उत्पीड़न किया। इसके बाद उसने महिला को समझौता करने के लिए एकमुश्त रकम का भुगतान किया।रिपोर्ट में कहा गया था कि महिला ने 52 वर्षीय नाकाई पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। नाकाई ने 2०23 में एक डिनर पार्टी में महिला का कथित यौन उत्पीड़न किया। इसके बाद दिसंबर में नाकाई और महिला के बीच 9० मिलियन येन (58०,००० डॉलर) का समझौता हुआ था। नाकाई ने एक बयान जारी करके समझौते की बात स्वीकार की थी।



मगर उन्होंने किसी तरह की हिंसा करने की बात से इन्कार कर दिया था। मगर फूजी टीवी ने इसे लेकर कोई कार्रवाई नहीं की और मामले को छिपाया।हाल ही में जब एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में फूजी टीवी के अध्यक्ष कोइची मिनाटो ने घटना को लेकर बयान दिया। उन्होंने स्वीकार किया कि कंपनी को शुकन बुनशुन रिपोर्ट से छह महीने पहले ही इस मामले की जानकारी हो गई थी। मगर कंपनी ने इसका खुलासा नहीं किया।

उन्होंने सभी से माफी मांगते हुए कहा कि फूजी टीवी मामले की जांच करेगा। मगर हमारा मानना है कि कर्मचारियों ने कुछ भी गलत नहीं किया है। फूजी टीवी ने कई विज्ञापनदाताओं और एजेंसियों को परेशानी पहुंचाने के लिए माफी मांगी। इसके बाद विज्ञापनदाताओं ने टीवी से हाथ खींच लिए। उन्होंने विज्ञापनों की जगह सार्वजनिक सेवा की घोषणा की। विज्ञापनदाताओं ने कहा कि फूजी टीवी में पारदर्शिता की कमी है। साथ ही उसे इस मामले में कोई पछतावा भी नहीं है। बताया जा रहा है कि 5० से अधिक बड़ी कंपनियों ने फूजी टीवी से विज्ञापन हटाने की बात कही है।

# नहर पर हमारा कब्जा है और आगे भी रहेगा: ट्रंप

**अमेरिका।** शपथ ग्रहण के बाद एक बार फिर से डोनाल्ड ट्रंप ने पनामा नहर पर कब्जे की बात दोहराई। हालांकि पनामा की तरफसे इसे लेकर कड़ी आपत्ति जताई गई है। पनामा के राष्ट्रपति ने अपने ताजा बयान में कहा है कि नहर पर पनामा का कब्जा है और आगे भी रहेगा। पनामा के राष्ट्रपति जोस राउल मुलिनो ने कहा कि किसी भी देश को पनामा के मामलों में दखल नहीं देना चाहिए।



पनामा के राष्ट्रपति मुलिनो ने बयान में कहा कि ट्रंप के पनामा और पनामा नहर को लेकर दिए गए बयान को ध्यान में रखते हुए हम कहना चाहते हैं कि नहर पर पनामा का नियंत्रण है और आगे भी रहेगा। इसकी तटस्थता का सम्मान किया जाना चाहिए और किसी भी देश को हमारे मामलों में दखल नहीं देना चाहिए। मुलिनो ने कहा कि श्नहर कोई उपहार नहीं थी बल्कि यह कई पीढ़ियों के संघर्ष का नतीजा था, जो साल 1999 में संधि के रूप में फलित हुआ। उसके बाद से 25 साल से बिना किसी व्यवधान के हम नहर का प्रशासन कर रहे हैं। पनामा नहर के जरिए अमेरिका समेत पूरी दुनिया में व्यापार का विस्तार हुआ है।

पनामा के राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें जो अधिकार दिया गया है, उसका वे पूरी समझदारी से इस्तेमाल करेंगे और सभी मित्र देशों के साथ अपने रिश्तों को मजबूत करेंगे। हमारे अधिकारों, संप्रभुता और संपत्ति के अधिकार को कमजोर किए बिना, बातचीत के जरिए विवादों को दूर किया जा सकता है। गौरतलब है कि अमेरिका के समुद्री व्यापार का बड़ा हिस्सा पनामा नहर के जरिए होता है। डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद से ही पनामा नहर पर कब्जे की बात कर रहे हैं। ट्रंप ने आरोप लगाया कि चीन, पर्दे के पीछे से पनामा नहर का संचालन कर रहा है। ट्रंप ने सोमवार को शपथ ग्रहण समारोह के बाद अपने संबोधन में भी ये बात दोहराई।

## होटल में आग लगने से दस लोगों की मौत

**तुर्की।** देश के एक होटल में बड़ा हादसा हुआ है। उत्तर पश्चिमी तुर्किये के एक स्की रिसोर्ट होटल में आग लग गई। इसमें 1० लोगों की मौत हो गई। जबकि 32 लोग झुलस गए। दमकलों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तुर्किये के मंत्री अली येरलिकाया ने कहा कि बोलू प्रांत के करतलकाया रिसोर्ट के रेस्टोरेंट में रात को आग लग गई। आग लगने के बाद होटल में अफरातफरी मच गई।

गवर्नर अब्दुलअजीज आयदीन ने बताया कि दो पीड़ितों की मौत घबराहट में इमारत से बाहर कूदने के चलते हुई। उन्होंने कहा कि होटल में 234 मेहमान ठहरे हुए थे। आग लगने के कारण का पता नहीं चल पाया है। इसकी जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि आग लगने के बाद कुछ लोगों ने चादरों के सहारे अपने कमरों की खिड़कियों से नीचे उतरने की कोशिश की।

# जल्द ही दो अमेरिकियों को रिहा करेगा तालिबान

**वाशिंगटन।** उत्तर-मध्य नाइजीरिया में एक गैसोलीन टैंकर विस्फोट में अब तक 98 लोगों की मौत हो चुकी है। यह घटना शनिवार सुबह नाइजर राज्य के सुलेजा क्षेत्र के पास हुई। लोग दुर्घटनाग्रस्त टैंकर से गैसोलीन को दूसरे ट्रक में स्थानांतरित करने की कोशिश कर रहे थे, तभी विस्फोट हो गया। विस्फोट के कारण गैसोलीन निकालने की कोशिश करने वाले लोग और आसपास खड़े लोग मारे गए।



नेशनल इमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी के एक अधिकारी ने बताया कि मरने वालों की संख्या में और वृद्धि हो सकती है। विस्फोट के समय घटनास्थल पर बहुत भीड़ थी, जिसमें लोग तस्वीरें लेने और गैसोलीन निकालने की कोशिश कर रहे थे। इस घटना के बाद नाइजीरिया में पेट्रोल की कीमतें बढ़ गई हैं, क्योंकि एक साल पहले राष्ट्रपति ने पेट्रोल पर दी जाने वाली सब्सिडी को हटा लिया था। मानवाधिकार समूह एमनेस्टी इंटरनेशनल ने कांगो की सेना और एक विद्रोही समूह पर आरोप लगाया है कि उन्होंने घनी आबादी वाले इलाकों में बमबारी की, जो संभवत: युद्ध अपराध हो सकती है। एमनेस्टी की रिपोर्ट के अनुसार, कांगो के सशस्त्र बलों और 23 विद्रोही समूह ने जनवरी से जुलाई 2०24 के बीच पूर्वी कांगो के घनी आबादी वाले इलाकों में 15० से अधिक बार बिना दिशा वाले रॉकेट और विस्फोटक दागे।

इन हमलों में 1०० से अधिक नागरिक मारे गए और सैकड़ों लोग घायल हुए। एमनेस्टी इंटरनेशनल ने अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय से इन हमलों की जांच करने का आह्वान किया है। यह रिपोर्ट तब आई है, जब कांगो के पूर्वी हिस्से में सेना और कई विद्रोही समूहों के बीच लड़ाई बढ़ गई है। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी के अनुसार, इस साल की शुरुआत से अब तक 237,००० से ज्यादा लोग विस्थापित हो चुके हैं।

23 विद्रोही समूह उन सैकड़ों सशस्त्र समूहों में से एक है जो कांगो के खनिज-समृद्ध पूर्वी क्षेत्र में लड़ाई कर रहे हैं, जिससे यह क्षेत्र दुनिया के सबसे बड़े मानवीय संकटों में से एक बन गया है, और 7 मिलियन से अधिक लोग विस्थापित हो चुके हैं। नेपाल सरकार ने सोमवार को संसद का शीतकालीन सत्र 31 जनवरी को बुलाने की सिफारिश की। कानून और न्याय मंत्री अजय कुमार चौधरी ने पत्रकारों को बताया कि मंत्रिमंडल ने राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल से 31 जनवरी को संसद सत्र बुलाने का अनुरोध किया है।

# लोगों को अब अभिव्यक्ति की आजादी: ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शपथ लेने के तुरंत बाद ही अमेरिकियों की अभिव्यक्ति की आजादी को लेकर कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। इस आदेश के तहत सरकारी एजेंसियां अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से जुड़े मामलों में लोगों के खिलाफकार्रवाई नहीं कर पाएंगी। आदेश में ट्रंप ने बाइडन सरकार की ओर से ऐसे मामलों में की गई कार्रवाईयों पर अटॉर्नी जनरल से रिपोर्ट मांगी है।



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने कार्यकारी आदेश में सरकारी एजेंसियों को अमेरिकियों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन न करने के निर्देश दिए हैं। कैपिटल वन एरेना में आदेश पर हस्ताक्षर करने से पहले ट्रंप ने कहा कि हम अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता में विश्वास करते हैं। अभिव्यक्ति की आजादी को कुचलने की हमारी संघीय सरकारों की वर्षों पुरानी असांविधानिक और गैर-कानूनी नीति को खत्म कर रहा हूं। अमेरिका में अभिव्यक्ति की आजादी फिर स्थापित होगी। हम हथियारीकरण को रोकने के लिए आज से इसे वापस ला रहे हैं।उन्होंने कहा कि इस कार्यकारी आदेश का उद्देश्य अमेरिकी लोगों पर संघीय सरकार की सेंसरशिप को समाप्त करना है।

आदेश में कहा गया कि पिछले चार साल में पूर्व प्रशासन ने ऑनलाइन प्लेटफार्मों पर अमेरिकियों के भाषण को सेंसर करके मुक्त भाषण के अधिकारों को कुचल दिया था। प्रशासन ने सोशल मीडिया कंपनियों पर भारी दबाव डाला। इसके चलते कंपनियों ने संघीय सरकार की बिना मंजूरी वाले भाषणों को नियंत्रित किया और उन्हें प्लेटफॉर्म से हटाया या दबा दिया गया।

आदेश में लिखा गया कि गलत सूचना, बंटवारा करने वाली सूचना और दुर्भावनापूर्ण सूचना से निपटने की आड़ में संघीय सरकार ने पूरे अमेरिका में नागरिकों के सांविधानिक रूप से संरक्षित भाषण अधिकारों का उल्लंघन किया। स्वतंत्र समाज में अभिव्यक्ति पर सरकारी सेंसरशिप असहनीय है। आदेश में कहा गया है कि संयुक्त राज्य अमेरिका की नीति है कि अमेरिकी लोगों केविधानिक रूप से संरक्षित अभिव्यक्ति के अधिकारों को सुरक्षित किया जाए।

## रूबियो को विदेश मंत्री बनाने की दी मंजूरी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सीनेट ने मार्को रूबियो को देश का अगला विदेश मंत्री बनाने की मंजूरी दे दी है। सीनेट ने सर्वसम्मति से मार्को रूबियो का नाम मंजूर किया। इसके साथ ही ट्रंप की कैबिनेट में जगह पक्की करने वाले मार्को रूबियो पहले नेता बन गए हैं। सीनेट के सभी 99 सदस्यों ने रूबियो का समर्थन किया। इनमें खुद रूबियो का नाम भी शामिल है। ओहायो से सीनेटर जेडी वेंस, जो अब अमेरिका के उपराष्ट्रपति हैं, वे सीनेट से इस्तीफा दे चुके हैं। यही वजह रही कि सीनेट की एक सीट खाली है और सिर्फ99 सदस्यों ने मतदान किया। मार्को रूबियो लैटिन अमेरिकी मूल के नेता हैं और साल 2०11 से फ्लोरिडा से सीनेटर हैं। रूबियो को चीन का कट्टर विरोधी माना जाता है और यही वजह है कि उन्हें चीन ने साल 2०2० में प्रतिबंधित भी कर दिया था।

# ट्रंप ने भारतीय मूल को लेकर दिया बयान

**अमेरिका।** शपथ ग्रहण समारोह के दौरान अपने भाषण में डोनाल्ड ट्रंप ने उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की भारतीय मूल की पत्नी उषा वेंस की जमकर तारीफकी। उन्होंने ये भी कहा कि वे उपराष्ट्रपति उम्मीदवार के रूप में उषा वेंस को चुनते, क्योंकि उषा, जेडी से भी ज्यादा समझदार हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि उत्तराधिकार का नियम ऐसे काम नहीं करता।



जेडी वेंस के अमेरिका के उपराष्ट्रपति पद की शपथ लेते ही उनकी पत्नी उषा वेंस (39 वर्षीय) अमेरिका की पहली भारतीय मूल की सेकेंड लेडी बन गई सोमवार को शपथ ग्रहण समारोह में गुलाबी रंग का कोट पहने उषा वेंस बहुत खुश दिखाई दीं। उन्होंने एक हाथ में बाइबल लेकर अपने पति जेडी वेंस को शपथ दिलाई। इस दौरान वेंस दंपति के तीनों बच्चे भी मौजूद रहे। शपथ ग्रहण के बाद अपने संबोधन में ट्रंप ने अपनी पूरी टीम की तारीफ की, खासकर जेडी वेंस की। ट्रंप ने कहा कि मैं लंबे समय से जेडी को देख रहा हूं।

मैंने ओहायो से सीनेटर पद के लिए भी इनका समर्थन किया था। वह एक अच्छे और बहुत ही समझदार सीनेटर रहे। हालांकि उनसे ज्यादा समझदार उनकी पत्नी हैं। ट्रंप के इतना कहते ही पूरा कैपिटल रोटुंडा हॉल हंसी के ठहाकों से गूंज उठा। उत्तराधिकार नियम ऐसे काम नहीं करता। जेडी और उषा, दोनों बहुत अच्छे हैं और दोनों का शानदार करियर रहा है। सुप्रीम कोर्ट के जज ब्रेट कावानॉ ने जेडी वेंस को उपराष्ट्रपति पद की शपथ दिलाई। ब्रेट कावानॉ पूर्व में उषा वेंस के मेंटर रह चुके हैं। उषा, ब्रेट कावानॉ और मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स के साथ काम कर चुकी हैं उषा वेंस एक भारतीय अप्रवासी माता-पिता की संतान हैं।

# जावा द्वीप पर भूस्खलन और बाढ़ का कहर

**इंडोनेशिया।** देश के जावा द्वीप के पहाड़ी गांवों में अचानक भूस्खलन और बाढ़ ने तबाही मचाई। आपदा में 16 लोगों की मौत हो गई। इंडोनेशियाई बचावकर्मियों ने इन लोगों के शव कीचड़ और चट्टानों के नीचे से बरामद किए। अधिकारियों ने बताया कि नौ लोग लापता हैं। उनकी तलाश जारी है।



इंडोनेशिया की आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रमुख बर्गास कैटुरसासी ने बताया कि सोमवार को हुई बारिश के कारण नदियां उफान पर आ गईं। इसके चलते मध्य जावा प्रांत के पेकलोंगान क्षेत्र के नौ गांवों में बाढ़ आ गई। इसके अलावा पहाड़ी बस्तियों में कीचड़, चट्टानें और पेड़ गिर गए। आपदा के बाद बचावकर्मियों ने तत्काल प्रक्रिया की। उन्होंने पेटुंगक्रीयोनो गांव से कम से कम 16 लोगों के शव निकाले। जबकि बचावकर्मी नौ ग्रामीणों की तलाश कर रहे हैं। कैटुरसरी ने बताया कि दस घायल लोगों को अस्पतालों में ले जाया गया है। दरअसल इंडोनेशिया में अक्तूबर से मार्च तक मौसमी बारिश होती है। इसके चलते अक्सर बाढ़ और भूस्खलन होता है। इंडोनेशिया में 17 हजार द्वीप हैं। यहां लाखों लोग पहाड़ी क्षेत्रों में रहते हैं। जुलाई 2०24 में इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर मूसलाधार बारिश की वजह से एक अवैध सोने की खदान में भूस्खलन हो गया था। भूस्खलन की वजह से कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई थी।

भूस्खलन से कुछ घर भी तबाह हो गए। इंडोनेशिया की आपदा एजेंसी ने कहा था कि भूस्खलन से कई घर और एक पुल क्षतिग्रस्त हो गया है।इससे पहले दक्षिण सुलावेसी में अप्रैल में एक भूस्खलन में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई थी।

## गाजा और पश्चिमी तट पर शासन के लिए तैयार

**यरुशलम।** 15 महीनों तक चले इस्राइल-हमास जंग में युद्ध विराम समझौते पर इस्राइली की सहमति के बाद फलस्तीन के क्षेत्रों में थोड़ी शांति देखने को मिल रही है। इसी बीच फलस्तीनी सरकार ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में मांग उठाई है कि वह गाजा पट्टी और पश्चिमी तट को चलाने की जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार है। साथ ही यूरोपीय संघ और मिस्र के साथ मिलकर सीमा पार बिंदुओं को प्रबंधित करने के लिए प्रतिबद्ध है। मामले में फलस्तीनी विदेश मामलों की मंत्री वरसेन अगाबेकियन ने सोमवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मंत्रीस्तरीय बैठक में इस बारे में कहा गया।

# कनाडा पर एक फरवरी से लग सकता है टैरिफ

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह एक फरवरी से कनाडा और मैक्सिको पर 25 फीसदी टैरिफलगा सकते हैं। ट्रंप के इस बयान के बाद कनाडा की ओर से कहा गया कि अगर ऐसा होता है तो हम भी जवाबी कार्रवाई करेंगे।



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चुनाव जीतने के बाद से ही कनाडा और मैक्सिको से होने वाले आयात पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने की बात कह रहे हैं। उन्होंने तो कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने के लिए भी कह दिया है। सोमवार को जब डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति पद की शपथ ली तो इसके बाद कनाडा और मैक्सिको पर टैरिफ लगाने को लेकर कोई आदेश नहीं दिया। इस पर कनाडा के वित्तमंत्री डोमिनिक लेब्लांक और विदेश मंत्री मेलोनी जोली ने राहत जताई। इसके बाद डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि मैं तुरंत ही अमेरिका की व्यापार प्रणाली में बदलाव शुरू करुंगा, ताकि अमेरिकी नागरिक और परिवारों की सुरक्षा की जा सके। अपने नागरिकों पर टैक्स लगाकर बाकी देशों को अमीर बनाने की जगह हम बाकी देशों पर टैरिफ लगाएंगे, ताकि अपने देशवासियों को अमीर बना सकें। इसके लिए हम विदेशी राजस्व सेवा बनाएंगे। वही सभी टैरिफ और ड्यूटी इकट्ठा करेगी और अमेरिका के खजाने को भरेगी। इसके बाद उन्होंने ओवल ऑफिस में कहा कि हम मैक्सिको और कनाडा पर 25 प्रतिशत टैरिफलगाने के बारे में सोच रहे हैं। मुझे लगता है कि एक फरवरी को ऐसा होगा। ट्रंप का यह बयान आते ही कनाडा के सुर बदल गए। कनाडा की विदेश मंत्री मेलोनी जोली ने कहा कि हम टैरिफ रोकने के लिए काम करना जारी रखेंगे।

अगर फिर भी ऐसा हुआ तो हम जवाब देंगे। कनाडा के वित्त मंत्री डोमिनिक लेब्लांक ने कहा कि ट्रंप अप्रत्याशित कार्रवाई कर सकते हैं। इसमें कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए। हमारा देश इसका जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। अमेरिका में रहने की लागत, अमेरिका में नौकरियों की संभावना है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक अजरा परवीन द्वारा वेदवीर प्रिन्टर्स, विद्यापीठ पुरम् सिविल लाइन, बदायूं से मुद्रित एवं कार्यालय अमर भास्कर निकट रीजेन्सी होटल लावेला चौक, बदायूं (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक: अबरार अहमद** (इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन हेतु पी.आर.बी. की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी)। समस्त विवाद बदायूं न्यायालय के अधीन होगें। मोबाइल नं. 9411214614, ई-मेल: amarbhashkar21@gmail.com, RNI No.:- UPHIN/2021/82941

# पिकअप-ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर में चालक की मौत, दो घायल

**नूरपुर मार्ग स्थित चूना भट्टी के पास देर रात हुआ हादसा ▶▶ शेरकोट की फेक्ट्री से ब्रुश भरकर सप्लाई करने जा रहे थे दिल्ली**





अमर भास्कर ब्यूरो

**धामपुर।** नूरपुर मार्ग पर पिकअप वाहन और गन्ने से भरी ट्रैक्टर ट्राली के बीच आमने-सामने की भिड़ंत गई। दुर्घटना में वाहन चालक समेत तीन लोग गंभीर घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां एक वाहन चालक की मौत हो गई।

थाना शेरकोट के गांव उमरपुर पालकी निवासी लगभग 40 वर्षीय मोनू त्यागी और 35 वर्षीय नितिन कुमार निवासी गांव हरेवली देर रात को पिकअप (अशोका लीलैंड) में शेरकोट की एक ब्रश फेक्ट्री से ब्रुश भरकर माल की सप्लाई करने दिल्ली जा रहे थे। वाहन को 45 वर्षीय चालक चंद्रभान सिंह पुत्र पूरन सिंह निवासी गांव हरगनपुर, थाना नजीबाबाद चला रहा था। बताया गया है कि मोनू इस गाड़ी पर हेल्पर के रूप में काम करता है, जबकि नितिन ब्रश सप्लाई करने वाले कारखाने का सेल्समेन है। यह तीनों गाड़ी में माल भर के जा रहे थे, कि रात लगभग साढ़े आठ बजे जब वह थाना धामपुर में नूरपुर रोड स्थित गांव नौंदडू में चूना भट्ठी के पास पहुंचे तो सामने से आ रही एक ट्रैक्टर ट्राली से उनकी भिड़ंत हो गई। जिससे माल वाहक वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और इसमें चालक चंद्रभान, मोनू व नितिन तीनों गम्भीर घायल हो गए। चालक के पास ही अन्य दोनों भी बैठे हुए थे। उन्हें गंभीर हालत में सीएचसी धामपुर ले जाया गया। जहां चालक चंद्रभान को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद ट्रैक्टर ट्राली चालक चालक ट्रैक्टर ट्रॉली सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मर्चरी में रखवा दिया है और परिजनों को दुर्घटना की सूचना दी है।

# बीपीएम के स्थानांतरण पर एनएमएम संघ ने जताया विरोध, सीएमओ के नाम दिया ज्ञापन



अमर भास्कर ब्यूरो

**स्योहारा।** सीएचसी परिसर में एनएमएम संघ तथा अन्य सी एच सी कमर्चारियों द्वारा कार्य बहिष्कार करते हुए अपना रोष प्रकट किया और इसके साथ ही धरना देकर एक ज्ञापन सीएमओ बिजनौर को भेजा गया।

जिसकी जानकारी देते हुए एनएमएम ने बताया कि स्थानीय सीएचसी पर तैनात सीएचओ के द्वारा एन एम एम तथा अन्य कमर्चारियों पर अनायास ही आरोप लगाए जा रहे हैं साथ ही जाति धर्म के नाम पर पक्षपात भी किया जाता है जिसकी शिकायत कई बार मौखिक रूप से की जा चुकी है.परंतु कोई भी जांच नहीं की गई। जबकि उल्टा इसी मामले में बीपीएम का स्थानांतरण भी सीएचओ की शिकायत पर नूरपुर कर दिया गया जो कि न्योचित नहीं है और एनएमएम तथा अन्य कर्मचारी संघ इसकी घोर निंदा करता है और मांग की जाती है कि इस स्थानांतरण पर रोक लगाई जाए और जब तक मांग पूरी नहीं होती ये धरना चलता रहेगा। वहीं सीएचओ ने बताया कि उनपर लगे आरोप निराधार है। धरना देने वालों में आदेश कुमारी, मुक्लेश, पूजा, अमृता गीता, प्रियंका, अंजलि, अनिता आदि मौजूद रहीं।

# चाहे कितनी भी हो दूरी, हैलमेट पहनना है जरूरी

**स्वयं सेविकाओं ने निकाली सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली**



अमर भास्कर ब्यूरो

**नजीबाबाद।** रमा जैन कन्या महाविद्यालय द्वितीय एक दिवसीय शिविर सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा दिवस के रूप में मनाया गया।

स्वंयसेविकाओं ने रैली निकालकर लोगो को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। रमा जैन कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत द्वितीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम अधिकारी डॉ. भावना अरोड़ा के निर्देशन में स्वयं सेविकाओं ने एक सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली का आयोजन किया। महाविद्यालय निदेशक डॉ. के.सी. मठपाल व महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. मृदुला त्यागी ने हरी झण्डी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली शहर के विभिन्न मार्गो से होती हुई हरिद्वार रोड तक पहुँची। स्वयंसेविकाओं ने मार्ग में मिले सभी दो पहिया वाहनों को हैलमेट पहनने व दो से अधिक लोगो से एक साथ दो पहिया वाहन पर ना बैठने का आग्रह किया। स्वयं सेविकाओं ने चार पहिया वाहनों को सीट बैल्ट लगाने व ड्राइविंग करते समय फोन पर बात ना करने की सलाह दी। स्वयंसेविकाओं के साथ कॉस्टेबल लक्ष्मी ने राहगीरों को रोककर उन्हें सड़क सुरक्षा के नियमों के विषय में बताया। कॉस्टेबल लक्ष्मी ने छात्राओं को भी सड़क सुरक्षा के नियमों के विषय में जानकारी दी। छात्राओं को अपने परिवार के लोगों को भी सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करवाने के लिए प्रेरित किया।छात्राओं ने चाहे कितनी भी हो दूरी, हैलमेट पहनना है जरूरी, रहो हमेशा सावधान, दुर्घटना ले लेता प्राण, सड़क सुरक्षा का रखो ध्यान, ट्रैफिक नियमों का करो सम्मान आदि नारों के द्वारा जागरूकता फैलायी। कार्यक्रम मेंआँचल, खुशी, रीना,मनीषा, हिमांशी, शालू, अदीबा इनाम, कशिश, रोली, शहरीन, अनु मानवी, साक्षी कुमारी, कविता रानी, फरहीन, कविता रानी,कामिनी रानी, वसू, संजना,डौली आदि ने भाग लिया। महाविद्यालय के शिक्षक व शिक्षिका डॉ. रमनदीपकौर, डॉ. दीप्ति माहेश्वरी, श्रीमती तबस्सुम, श्रीमती सुनीता आदि ने छात्राओ का उत्साहवर्द्धन किया।

# दरगाहे आलिया नज्फे हिन्द जोगीपुरा में मौला अली के जन्म दिवस पर हुआ महफिल का आयोजन

**जोगीपुरा में अकीदत से मनाया गया अली डे**



अमर भास्कर ब्यूरो

**नजीबाबाद।** दरगाहे आलिया नज्फे हिन्द जोगीपुरा में मुहम्मदे मुस्तफा, शेरे खुदा, दामादे पयम्बर हजरत अली के जन्म दिवस पर एक आल इण्डिया महफिल का आयोजन किया गया।

मौलाना दिलकश गाजीपुरी की अध्यक्षता व नसिमुल हसन बाकरी व नासिर नकवी अमरोहवी के संयुक्त संचालन में आयोजित महफिल का आगाज मौलाना यासिर अब्बास की तिलावते कलामे पाक से हुआ। नाते पाक अली इमाम अस्र नौगांनवी ने कहा- बुये जन्नत से मोत्तर है फिजाये अनफाज, खानाये हक मे मोहम्मद के वसी आते है। शुऐब नौगांनवी ने अपना कलाम पेश करते हुए कहा- तवाफ देख कर उनको खुशी थी इसदर्जा, जिदारे काबा कदम से लिपट गई होती। मुकेश दर्पण मुजफ्फरनगर ने कहा- अली ने इसलिए अब्बास तेरा नाम रखा है, कटे हाथों से तूने आसमां को थाम रक्खा है। आसिफ जलाल बिजनौरी ने कहा-अली बगैर किसी का कोई वजूद नही, ये बात हम ही नहीं मुरसली भी कहते है। अम्बर तुराबी बनारसी ने कहा- जो सर उठा के जमाने मे चल रहा हूँ मैं, अली बस आपके टुकरों पे पल रहा हूँ मैं। मीर सादिक सिरसिवी ने कहा- मोमिन के वास्ते तेहरा रजब भी ईद है, महफिल कर के खुश होते है मोमिन आज। इनके अलावा गोहर नौगांनवी, शोबी सिरसिवी, सलीम अमरोहवी, गुलशन बिजनौरी, खुर्शीद मुजफ्फरनगरी, जाहिद नौगांनवी, शहंशाह बिजनौरी, कोसर जारचवी, अंजार सीतापुरी खुर्शीद असरी मेमन आदि के कलाम पर भी खूब दाद मिली। महफिल को खिताब करते हुये मौलाना फिरोज रजा नकवी और मौलाना डॉ मिर्जा शफीक हुसैन शफक ने मौला अली के करामात और फजायल बयान करते हुए उनके बताये रास्ते पर चलने की हिदायत दी। महफिल मे मुख्य अतिथि नदीम अब्बास जैदी चेयरमैन नौगांवा, पूर्व अध्यक्ष ईरम अली जैदी, पूर्व सचिव मोहम्मद अब्बास मुन्ना भाई, अली हैदर जौहन, अब्बास रजा लुधियाना, मौलाना कुर्रतुलऐन आब्दी, चौधरी फैजान अली, वकार आब्दी, मरगूब आब्दी, इमरान अली, मास्टर शमीम अब्बास नकवी, मोहम्मद अब्बास नकवी, शजर अब्बास, मौलाना आबिद मेहदी, मैनेजर हुसैन मेंहदी अब्बास नकवी आदि मौजूद रहे। अंत मे कनवीनर डॉ मिर्जा शफीक हुसैन शफक ने मुल्क और कौम की तरक्की व अमन चैन के लिये दुआ कराई और सभी मेहमानों का शुक्रिया अदा किया।

# बैंको में लंबित सभी आवेदन पत्रों 24 जनवरी से पहले पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना करे सुनिश्चितः डीएम



**बैंक मैनेजर्स द्वारा शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में अपेक्षित सहयोग उपलब्ध नहीं कराये जाने पर उनके विरुद्ध की जाएगी कड़ी कार्यवाही**

अमर भास्कर ब्यूरो

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में पीएम युवा योजना के अंतर्गत आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए सभी बैंकर्स को निर्देश दिए कि पीएम युवा योजना के अंतर्गत जो भी आवेदन पत्र बैंकों में लंबित हैं, उन सभी का 24 जनवरी 2025 से पहले पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि जिन बैंक मैनेजर्स द्वारा शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में अपेक्षित सहयोग उपलब्ध नहीं कराया जाएगा, उनके विरुद्ध कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि पीएम युवा योजना बहुत महत्वपूर्ण योजनाओं में शामिल है। इसमें शिक्षित और कौशल प्रशिक्षित युवाओं को केंद्र सरकार द्वारा ब्याज रहित पांच लाख रुपए का ऋण उपलब्ध कराया जाता है ताकि वे अपना रोजगार स्थापित कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो सकें। उन्होंने कहा कि उक्त योजना के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर शिथिलता अथवा लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में आरएम एसबीआई एवं पंजाब नेशनल बैंक, डीसी एनआरएलएम, सहायक आयुक्त उद्योग, लीड बैंक प्रबंधक सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# नहटौर पीजी कालेज की राष्ट्रीय सेवाएं इकाई योजना के अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक



अमर भास्कर ब्यूरो

**नहटौर।** नगर के नहटौर डिग्री पीजी कालेज, नहटौर की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई का द्वितीय एक दिवसीय शिविर ग्राम महमूदपुर भिक्का में आयोजित किया गया। शिविर के द्वितीय दिवस को यातायात सड़क सुरक्षा जागरूकता दिवस के रूप में मनाया गया।

इस अवसर पर छात्राओं द्वारा ग्रामवासियों को सड़क सुरक्षा जागरूकता नियमों के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया गया। छात्राओं ने सड़क पर आने-जाने वाले राहगीरो को सड़क पर चलते समय सावधानी पूर्वक वाहन चलाने, वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने, अपनी साइड में ही वाहन चलाने, ओवरटेक न करने, ज्यादा तेज स्पीड में वाहन न चलाने, सड़क पार करते समय दाए -बांए का ध्यान रखने, वाहन गति नियंत्रित रखने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करने, सड़क पर पैदल चलने वालों का ध्यान रखने, तेज स्पीड में गाड़ी न चलाने आदि नियमों के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया। छात्राओं ने राहगीरों को समझाया कि तेज स्पीड में अपनी गाड़ी कभी न चलाये क्योंकि दुर्घटना से देर भली। आपका परिवार आपका इंतजार कर रहा है। धीमे चलिए, सुरक्षित रहिये। इस अवसर पर कु. अर्शी, मनीषा, संध्या सोनम, अंजु, तनु, मानसी, तानिया, प्राची, कनिका, महविश, इकरा, तनु, महक, पूजा,आरती, आकांक्षी, प्रियंका, नेहा, रिया, रीता, शिवानी, टीना, आकांक्षा, शाहमीन, शुमाएला,प्रेरणा, प्राची, आलिया,शीजा, शीतल, वंशिका, उपासना, पायल, मुस्कान, सलोनी, काजल, दीपिका, लक्ष्मी, ज्योति, राधिका, प्रीति आदि छात्राएं उपस्थित रहीं।

# सड़क दुर्घटना में मौत का शिकार हुए ट्रक चालक का शव को गांव पहुँचा, परिवार में कोहराम

**रेहड़।** भदोही के कटका गोदाम के पास रविवार रात सड़क दुर्घटना में मौत का शिकार हुए ट्रक चालक का शव मंगलवार को गांव केहरीपुर जंगल पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। थाना क्षेत्र के गांव केहरीपुर जंगल निवासी सरदार कुलदीप सिंह 50 वर्ष पुत्र स्वर्गीय गुरबख्श सिंह ट्रक चालक थे। मृतक ट्रक चालक कुलदीप सिंह के पुत्र मनजीत सिंह ने बताया कि रविवार रात उसके पिता कुलदीप सिंह ने भदोही के औराई व कछवां थाना क्षेत्र की सीमा पर कटका गोदाम के पास सड़क किनारे ट्रक रोका और क्लीनर दर्शन सिंह निवासी गांव पतरामपुर थाना जसपुर जनपद उधम सिंह नगर के साथ वहां एक ढाबे पर खाना खाया। खाना खाने के बाद उसके पिता कुलदीप सिंह ट्रक में चढ़ने के लिए ट्रक की खिड़की खोल रहे थे इसी दौरान प्रयागराज की ओर से तेज गति से आ रहे एक डंपर ने उन्हें टक्कर मार दी थी जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। थाना कछवां पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। ट्रक क्लीनर दर्शन सिंह ने दुर्घटना की सूचना मृतक ट्रक चालक कुलदीप सिंह के स्वजनों को दी जिस पर स्वजन सोमवार को भदोही पहुंचे। मंगलवार को स्वजन ट्रक चालक कुलदीप सिंह का शव लेकर गांव केहरीपुर जंगल पहुंचे तो घर में कोहराम मच गया। मंगलवार दोपहर गांव के शमशान घाट पर मृतक ट्रक चालक कुलदीप सिंह के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतक ट्रक चालक कुलदीप सिंह अपने पीछे पत्नी निंदर कौर, दो पुत्रों गुलशन सिंह 28 वर्ष, मनजीत सिंह 24 वर्ष व एक विवाहित पुत्री सर्वजीत कौर 26 वर्ष को रोता बिलखता छोड़ गए हैं।

# सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के पदाधिकारी ने एसडीएम से की औपचारिक भेट

**नजीबाबाद।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के पदाधिकारीयो ने ने उप जिलाधिकारी विजय शंकर से औपचारिक भेंट की। सोमवार को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष अशोक राठौड के नेतृत्व में पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नवीन तैनाती एसडीएम विजय शंकर को बुके देकर स्वागत किया। इस मौके पर जिला सदस्यता प्रभारी रणवीर सिंह निराला ने मंडी समिति व कछियाना बस्ती की समस्या को लेकर चर्चा की। इस दौरान जिला अध्यक्ष अशोक राठौड, संगठन मंत्री रूपेंद्र सिंह, प्रमुख महासचिव चंद्रवीर सिंह, ठाकुर वीरेंद्र सिंह, जिला अध्यक्ष पिछडा मोर्चा विजयपाल प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# एचएम जलालपुर के छात्र-छात्राओं ने निकाली सड़क सुरक्षा जागरूक अभियान रैली

**यदि है जीवन से प्यार तो अवश्य करें सीट बेल्ट व हेलमेट का प्रयोगः अरुण कुमार शर्मा**







अमर भास्कर ब्यूरो

नहटौर। क्षेत्र के प्रमुख शिक्षण संस्थान एचएम पब्लिक इण्टर कॉलेज जमालपुर, की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के पंचम? दिवस पर स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी अनुराग शर्मा के नेतृत्व में यातायात जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने लोगों को सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों के बारे में समझाया। इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि शेर सिहँ, खंड शिक्षा अधिकारी बेसिक शिक्षा विभाग नहटौर,एवं अंकित चौहन, भजनलाल, विकास कुमार कांस्टेबल थाना कोतवाली नहटौर ने छात्रों का आह्वान किया कि वे सड़क यातायात के नियमों का शत- प्रतिशत पालन करें तथा दूसरों को भी सुरक्षित यातायात का अवसर दें। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा कार चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। अपनी क्षमता के अनुसार नियंत्रित गति से वाहन चलाने की आदत डालें तथा ओवरटेक करने में लापरवाही न करें। प्रधानाचार्य सत्यवीर सिहँ एवं रिंकि चौधरी (एएनओ) 32 बीएन एनसीसी ने कहा कि वाहन चालकों की लापरवाही से प्रतिवर्ष लाखों लोग सड़क दुर्घटनाओं में असमय ही काल कलवित हो जाते हैं। सायंकालीन पारी में स्वयं सेवकों ने निबंध लिखकर संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए तथा कार्यक्रम में उपस्थित सभी अध्यापकगणों ने भी उपरोक्त कार्यक्रम में अपने-अपने शब्दो से सम्बोधित किया जिनमें मुख्य रूप से वरिष्ठ अध्यापक अरुण कुमार शर्मा जी, चंद्रभान सिहं, (मंच संचालक), शहबाज, शिवकुमार, रिति चौधरी, अरिबा अंसारी आदि। शिविरार्थियों में मुख्यतः पिंकि, समीरा, लयबा सैफी, चारूल, शगुन, नशरा हाशमी, महिरा अंसारी, अयशा अंसारी, विसाल कुमार, वंश, मौ0 अनस, अलतमश आदि ने प्रतिभाग किया।

# जनपद बिजनौर की नवनियुक्त जिला अधिकारी जसजीत कौर ने कलेक्ट्रेट का किया निरीक्षण





अमर भास्कर ब्यूरो

**बिजनौर।** जनपद बिजनौर की नवनियुक्त जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा कलेक्ट कार्यालय का निरीक्षण किया गया इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह डिप्टी कलेक्टर हर्ष चावला सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नजारत कक्ष, सीलिंग, भूलेख, बिल क्लर्क, शिकायत कक्ष, एवं सामान्य पटल का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि कोई भी कार्य लंबित नहीं होना चाहिए तथा सभी कार्य निर्धारित समय अवधि के भीतर पूरे मानकों के अनुसार पूरा करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी जगह साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित करें, किसी भी स्थान पर गंदगी नहीं पाई जानी चाहिए।

# सनी लियोनी का मानना भगवान उन्हें सिखा रहे धैर्य और विनम्रता



अभिनेत्री सनी लियोन वर्तमान में मलेशिया में हैं और उन्होंने कहा है कि उन्हें लगता है कि भगवान उन्हें धैर्य और विनम्रता का पाठ पढ़ा रहे हैं। सनी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें वह डेक पर खड़ी दिखाई दे रही हैं। इस वीडियो में बादलों से भरा आसमान, समुद्र और रेत दिखाई दे रही है। हालांकि, उन्होंने वीडियो में कोई विशेष जानकारी नहीं दी।

सनी ने कहा, हम्म, हां, हम कहां हो सकते हैं? यहां बहुत रहस्यमयी चीजें हो रही हैं। इसके तुरंत बाद, उन्होंने एक रहस्यमय संदेश साझा किया जिसमें लिखा था: मुझे लगता है कि भगवान मुझे धैर्य और विनम्रता का पाठ पढ़ा रहे हैं। काश मुझे पहले से चेतावनी मिल जाती ताकि मैं मानसिक रूप से खुद को तैयार कर पाती। सोशल मीडिया पर सक्रिय सनी ने साझा किया कि 'रील बनाने के पीछे असल में क्या होता है।'



उन्होंने रील बनाने के पीछे असल में क्या होता है शीर्षक से एक मजेदार बिहाइंड-द-सीन वीडियो भी पोस्ट किया। सनी ने फोटो-शेयरिंग प्लेटफार्म पर एक वीडियो अपलोड किया जिसमें वह अपनी टीम के साथ रील के लिए पोज देती नजर आ रही हैं। वीडियो में वह अपनी साथी से कह रही हैं, इसे छिपाओ। जैसे ही सनी की टीम रील बनाने के लिए तैयार हुई, उनके एक साथी ने मजाकिया अंदाज में गिनती शुरू की। अभिनेत्री ने अपना सिर हिलाना शुरू किया और फिर रुक गईं। सनी ने वीडियो को कैप्शन दिया-रील बनाने के पीछे वास्तव में क्या होता है। बता दें कि सनी और उनके पति डेनियल वेबर ने नवंबर में अपनी शादी के 13 साल बाद फिर से शादी की।

इस जोड़े ने 31 अक्टूबर को मालदीव में एक समारोह में अपनी प्रतिज्ञा को दोहराया, जिसमें उनके बच्चे निशा, नूह और अशर भी शामिल थे। सनी की फैन फॉलोइंग काफी बड़ी है और कुछ अजीब घटनाएं भी उनके नाम पर हुई हैं। हाल ही में, उनके नाम का उपयोग करके एक धोखाधड़ी का मामला भी प्रकाश में आया था। 23 दिसंबर को, एक व्यक्ति ने राज्य सरकार से 1000 रुपये प्रति माह प्राप्त करने के लिए सनी के नाम का इस्तेमाल किया था। यह व्यक्ति राज्य की कल्याणकारी योजना महतारी वंदन योजना का लाभ ले रहा था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, धोखेबाज ने सनी के नाम का उपयोग किया क्योंकि यह योजना विशेष रूप से विवाहित महिलाओं के लिए थी।

## मसाबा गुप्ता ने किया बेटी के नाम का ऐलान



दिग्गज एक्ट्रेस नीना गुप्ता की बेटी मसाबा गुप्ता तीन महीने पहले मां बनी हैं। मशहूर फैशन डिजाइनर और एक्ट्रेस मसाबा ने अपने बेटी के नाम की घोषणा कर दी है। उन्होंने बेटी के साथ फोटो पोस्ट करते हुए नाम और नाम का मतलब बताया।

मसाबा गुप्ता और उनके पति अभिनेता सत्यदीप मिश्रा 11 अक्टूबर, 2024 को माता-पिता बने। मसाबा और सत्यदीप ने यह खबर इंस्टाग्राम पर शेयर की। साथ ही मसाबा की मां नीना गुप्ता ने भी दादी बनने के बाद अपने पोते के साथ एक प्यारी सी फोटो पोस्ट की है। मसाबा ने अपनी बेटी के तीन महीने की होने पर उसके नाम का ब्रेसलेट पहने हुए एक तस्वीर पोस्ट की। पोस्ट की गई फोटो में उनकी बेटी के हाथ में 'मातारा' नाम का ब्रेसलेट नजर आ रहा है। मसाबा ने इस पोस्ट में मतारा नाम का मतलब भी बताया है। मसाबा ने कैप्शन में लिखा, यह नाम नौ हिंदू देवियों की दिव्य स्त्री ऊर्जा का प्रतीक है और उनकी शक्ति और बुद्धि का प्रतिनिधित्व करता है। मसाबा और सत्यदीप ने कुछ समय तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद दो साल पहले बेहद सादगी से शादी की थी। उनकी शादी में उनके परिवार वाले शामिल हुए थे। इस शादी में मसाबा के पिता क्रिकेटर विवियन रिचर्ड्स भी पहुंचे। मसाबा की पहली शादी मधु मंटेना से हुई थी, जबकि सत्यदीप मिश्रा की शादी अदिति राव हैदरी से हुई थी।

## फिल्म 'नागबंधम' की पहली झलक आई सामने



राणा दग्गुबाती का फिल्म 'नागबंधम'का पहला पोस्टर रिलीज़ करना प्रशंसकों के लिए बड़ा सरप्राइज है। %नागबंधम% का पहला लुक देखकर साफ है कि यह फिल्म एक्शन और पौराणिकता का शानदार मिश्रण पेश करने वाली है। विराट कर्ण का रुद्र के रूप में धांसू अवतार दर्शकों के लिए वाकई एक नया अनुभव होगा। राणा दग्गुबाती द्वारा शेयर किया गया यह पोस्टर और लुक न केवल फिल्म के प्रति उत्सुकता बढ़ा रहा है, बल्कि यह भी दिखा रहा है कि विराट कर्ण ने अपने किरदार में पूरी तरह से डूबने के लिए कड़ी मेहनत की है।

अभिषेक नामा इस फिल्म के निर्देशक और लेखक हैं, जो अपनी दमदार कहानियों और निर्देशन के लिए पहचाने जाते हैं। उनके विजन में पौराणिक और एक्शन तत्वों को जोड़ने की क्षमता %नागबंधम% को एक यादगार सिनेमाई अनुभव बना सकती है। राणा ने फिल्म %नागबंधम% का पहला पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, %नागबंधम से विराट कर्ण का पहला लुक पेश करते हुए बहुत खुशी हो रही है। यह पहले से ही एक रोमांचक सफर जैसा लग रहा है। पूरी टीम को शुभकामनाएं।

फिल्म 'नागबंधम' को हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, और मलयालम में रिलीज़ किया जाएगा। 2025 में रिलीज़ होने वाली इस फिल्म की शूटिंग अभी चल रही है, जो यह संकेत देता है कि टीम हर पहलू पर बारीकी से काम कर रही है। फिल्म के सेट, विजुअल इफेक्ट्स, और एक्शन दृश्यों को लेकर दर्शकों की उम्मीदें पहले से ही आसमान पर हैं।

## फिट रहना सिर्फ अच्छा दिखने के लिए नहीं, आत्मविश्वास के लिए भी जरूरी: सिमरन कौर



%जमाई नंबर 1% में मुख्य भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री सिमरन कौर फिटनेस फ्रीक हैं। अभिनेत्री ने बताया कि फिट रहने के लिए वह पिलेट्स (व्यायाम) और अच्छे-संतुलित आहार को अपनाती हैं। उनका कहना है कि उनकी फिटनेस ऑन-स्क्रीन भी उन्हें चुस्त-दुरुस्त दिखाती है। अभिनेत्री ने बताया कि फिट रहने के लिए वह पिलेट्स (एक्सरसाइज) और अच्छे-संतुलित आहार को अपनाती हैं। उनका कहना है कि उनकी फिटनेस ऑन-स्क्रीन शानदार प्रस्तुति देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सिमरन ने कहा, मेरा मानना है कि फिट रहना सिर्फ अच्छा दिखने के लिए नहीं है। यह खुद को मजबूत और आत्मविश्वासी महसूस कराने के लिए भी है। पिलेट्स खास तौर पर मेरे लिए एक गेम-चेंजर रहा है। यह न केवल मुझे अपने शरीर को फिट बनाए रखने में मदद करता है, बल्कि मुझे काम पर फोकस करने के साथ ही खुश भी रखता है। शो में अपने किरदार रिद्धि के बारे में उन्होंने बताया कि उनका किरदार एक दृढ़ निश्चयी, दबंग लड़की का है, जो जानती है कि उसे क्या चाहिए। उन्होंने बताया कि ऑन-स्क्रीन फिट दिखने के लिए मैं अपने शरीर और बॉडी लैंग्वेज पर काम कर रही हूं और इसके लिए पिलेट्स से बेहतर क्या हो सकता है। एक अभिनेत्री के रूप में मैं इसके महत्व को समझती हूं। उन्होंने आगे कहा, मेरी फिटनेस ऑन-स्क्रीन भूमिका को और भी खास बनाती है और इसी के साथ मैं शो में एक मजबूत बॉस गर्ल के किरदार को निभा पाती हूं। पिछले महीने सिमरन ने साल 2024 में अपने सफर के बारे में बताया था। उन्होंने कहा था, जो सबसे ज्यादा मायने रखता है, वह है अपने काम पर फोकस करना और चुनौतीपूर्ण समय में भी खुद पर विश्वास बनाए रखना। भगवान का शुक्र है कि कोई बड़ी बाधा नहीं आई और सब कुछ एक के बाद एक होता गया। उन्होंने उल्लेख किया कि 2024 उनके लिए एक अच्छा साल रहा है और उम्मीद जताई कि 2025 पिछले साल से भी बेहतर होगा। उन्होंने कहा, साल 2024 में मैंने कई तरह की चीजें हासिल कीं। मैंने दंगल पर आए शो 'तोसे नैना मिलाइके' किया, जो सुपरहिट रहा और लगभग 500 एपिसोड पूरे किए। मेरे किरदार को बहुत सराहना मिली, यह अद्भुत अनुभव था। अभिनेत्री ने बताया, दर्शकों ने मेरे किरदार से गहराई से जुड़ाव महसूस किया और मुझे काफी सराहना मिली। मुझे नहीं पता था कि मैं कॉमेडी किरदार को निभा सकती हूं, लेकिन यह बहुत अलग निकला और मैंने इसका पूरा आनंद लिया। सिमरन कौर ने कहा था, मुझे लगता है कि साल 2024 की तरह ही 2025 में भी मैं सकारात्मकता और सफलता हासिल करूंगी। मुझे नए अवसरों की खोज करना और एक कलाकार के रूप में अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाना पसंद है।

## 'धूम-4' में हुई रणबीर कपूर की एंट्री





'धूम' सीरीज बॉलीवुड में सबसे लोकप्रिय फ्रेंचाइजी है। अब तक फिल्म के तीन भाग आ चुके हैं। अब सभी को फिल्म के चौथे पार्ट का इंतजार है। धूम में जॉन अब्राहम, रितिक रोशन और आमिर खान ने काम किया है। अब 'धूम-4' में रणबीर कपूर सामने आ गए हैं।

धूम के हर पार्ट में विलेन का किरदार अलग-अलग एक्टर ने निभाया है तो अब 'धूम-4' में भी एक अलग एक्टर नजर आएगा। पहले शाहरुख खान के नाम की चर्चा थी। अब अभिनेता रणबीर कपूर की चर्चा है कि 'धूम-4' में एक दमदार एंट्री होगी। फिल्म की शूटिंग को लेकर कुछ अपडेट भी सामने आए हैं। 'धूम-4' की शूटिंग अगले साल अप्रैल में शुरू होगी। फिल्म की कहानी पर काम शुरू हो चुका है साथ ही रणबीर के साथ 2 एक्ट्रेस भी नजर आ सकती हैं जो लीड रोल में होंगी। आदित्य चोपड़ा की 'धूम' का चौथा भाग बेहद खास होने वाला है। फिल्म की समग्र कास्टिंग जल्द ही शुरू हो रही है। एनिमल के बाद रणबीर की किस्मत बदल गई है। उनके पास एनिमल, लव एंड वॉर और रामायण के दो और सीक्वल प्रमुख परियोजनाओं के लिए कतार में हैं। इसके अलावा, अब जब वह 'धूम' फ्रेंचाइजी में एंट्री कर रहे हैं, तो प्रशंसक बेहद उत्सुक हैं।

## किरण राव ने आमिर खान के परिवार के साथ अपने रिश्ते के बारे में की खुलकर बात



आमिर खान और किरण राव 2021 में अलग हो गए। 2005 में शादी के बाद उनका 16 साल तक रिलेशनशिप रहा और फिर तलाक हो गया। अब, किरण राव ने तलाक, रिश्ते के बाद की दोस्ती, सम्मान और आमिर के परिवार के साथ अपने रिश्ते के बारे में खुलकर बात की है। हम बहुत आसानी से अलग हो गए, क्योंकि हम उस बिंदु पर पहुंच गए थे जहां हम तलाक के लिए तैयार थे। हमने अपनी शादी बचाने की बहुत कोशिश की। फिर जब हमने तलाक लेने का फैसला किया, तब भी यह बहुत सोच-समझकर लिया गया फैसला था। हमने कभी लड़ाई नहीं की। हमारे बीच बहस होती थी, लेकिन 12 घंटे के अंदर हम उसे सुलझा लेते थे। हमारे माता-पिता के साथ भी हमारे मतभेद होते थे, किरण राव ने दिए एक साक्षात्कार में कहा।

हम जानते थे कि भले ही हम तलाक ले रहे थे, लेकिन इस रिश्ते में बचाने के लिए बहुत कुछ था। हम यह सब खत्म नहीं करना चाहते थे। इसलिए हमने रिश्ता अचानक खत्म नहीं किया, हमने अपना समय लिया और फिर फैसला किया। किरण ने कहा, हम यह भी सुनिश्चित करना चाहते थे कि फैसला लेते समय आजाद पर इसका भावनात्मक असर न पड़े।

किरण ने बताया कि तलाक के बाद भी एक-दूसरे के लिए प्यार और सम्मान बना हुआ है। हम एक साथ नहीं रहना चाहते, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम एक-दूसरे को पसंद नहीं करते या प्यार नहीं करते। किसी भी शादी में कुछ ऐसी बातें होती हैं जो आपको अपने साथी के बारे में पसंद नहीं आतीं। कुछ चीजें आपको परेशान करती हैं, कुछ ऐसी चीजें होती हैं जो झगड़े का कारण बनती हैं, लेकिन आपने इस व्यक्ति से शादी की है और आपको उसके बारे में कुछ चीजें पसंद भी हैं। किरण ने आमिर मेरे दोस्त हैं, वह कई मायनों में मेरे गुरु हैं। वह मेरा सपोर्ट सिस्टम है और जब भी मुझे उसकी जरूरत होती है तो वह हमेशा मेरे लिए मौजूद रहता है। लेकिन ऐसे दिन भी आते हैं जब वह मुझे परेशान करता था। अंततः यह मायने रखता है कि आप क्या पकड़कर रखना चाहते हैं। क्या आप नकारात्मकताओं और बुरी चीजों को पकड़कर रखना चाहते हैं या उन चीजों को पकड़कर रखना चाहते हैं जिनके कारण आपका रिश्ता इतने सालों तक चला है? किरण ने कहा, हमने अपने रिश्ते में सबसे अच्छी चीजों पर ध्यान केंद्रित किया और तलाक के साथ उन चीजों को छोड़ दिया जो हमें पसंद नहीं थीं।